प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र



# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

राज्यसभा चुनाव-कांग्रेस में "एक अनार सो बीमार" की स्थिति' पेज- 2

जमीनी विवाद में वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 153 | रविवार 24 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# यूएस विदेश मंत्री रुबियो ने दिल्ली में पीएम मोदी से की मुलाकात

## अहम मुद्दों पर की खास बात

(एजेंसी) नई दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो शनिवार को चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है और इसे भारत–अमेरिका संबंधों में नई शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। रूबियो सबसे पहले कोलकाता पहुंचे, जहां उन्होंने कोलकाता के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा किया। वहां उन्होंने सेंट टेरेसा को श्रद्धांजलि दी और मिशनरीज ऑफ चौरिटी की ननों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने निर्मला शिशु भवन और टपबजवतपं डमउवतपंस का भी दौरा किया। कोलकाता में उनकी यात्रा के दौरान सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ भारतीय सुरक्षा एजेंसियां भी लगातार तैनात रहीं। नयी दिल्ली पहुंचने के बाद रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक यह बैठक करीब एक घंटे से अधिक चली। बैठक में कई अहम वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, इंडो–पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा, चीन की बढ़ती आक्रामकता, पश्चिम एशिया संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश, रक्षा सहयोग तथा महत्वपूर्ण तकनीक और सप्लाई चेन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत और अमेरिका को बदलते वैश्विक माहौल में और मजबूत साझेदारी की जरूरत है। रूबियो की यात्रा का सबसे अहम हिस्सा नयी दिल्ली में होने वाली क्वाड देशों की विदेश मंत्रियों की बैठक मानी जा रही है। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान व ऑस्ट्रेलिया शामिल होंगे। क्वाड को चीन के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ एक रणनीतिक मंच माना जाता है। बैठक में हिंद–प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन, साइबर सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर चर्चा होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की गतिविधियों और दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। रूबियो की यात्रा ऐसे समय हो रही है जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट के कारण वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित हुई है और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है और उसकी बड़ी ऊर्जा जरूरतें



पश्चिम एशिया से पूरी होती हैं। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चर्चा को बेहद अहम माना जा रहा है। रूबियो ने भारत को "महान साझेदार" बताते हुए कहा कि अमेरिका भारत के साथ ऊर्जा और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करना चाहता है। पिछले एक साल में भारत और अमेरिका के संबंधों में कई मुद्दों पर तनाव देखने को मिला था। भारत लगातार कहता रहा कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम दोनों देशों की सीधी बातचीत से हुआ था और इसमें किसी तीसरे देश की भूमिका नहीं थी। हालांकि पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने रिश्तों को सुधारने की दिशा में काम शुरू किया। अप्रैल में पीएम मोदी और ट्रंप के बीच लगभग 40 मिनट फोन पर बातचीत भी हुई थी।रूबियो सोमवार को ।हतं और श्रंपचनत का भी दौरा करेंगे। इसके बाद मंगलवार को वे फिर दिल्ली लौटेंगे और क्वाड बैठक में हिस्सा लेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिर्फ एक सामान्य राजनयिक यात्रा नहीं है, बल्कि बदलती वैश्विक राजनीति के बीच भारत–अमेरिका रिश्तों को नई दिशा देने की कोशिश है।

# सीएम योगी ने बुलाई बड़ी बैठक, अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में चलेगी बाल श्रमिक विद्या योजना

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों को राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें सम्मान तथा सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास और रोजगार सृजन को अधिक प्रभावी तथा व्यापक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जिलों तक विस्तार देने, सेवामित्र व्यवस्था को और मजबूत बनाने, बड़े शहरों में निर्माण श्रमिकों के लिए आधुनिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में शुरू की गई श्बाल श्रमिक विद्या योजनाश के तहत आठ से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को



विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसमें कहा गया कि वर्तमान में यह योजना 20 जिलों में संचालित है। मुख्यमंत्री ने इसे नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सेवामित्र व्यवस्था को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताया और इसे अधिक प्रभावी तथा जनोपयोगी बनाने पर जोर दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2021 से संचालित इस व्यवस्था के तहत नागरिक मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल और कॉल सेंटर के माध्यम से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल पर 1,097 सेवा प्रदाता, 5,049 सेवामित्र और 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों में भी आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रपति मुर्मू 26 मई से तीन दिवसीय सिक्किम दौरे पर रहेंगी

(एजेंसी) गंगटोक। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 मई से सिक्किम के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति 26 मई की दोपहर लिबिंग आर्मी हेलीपैड पर उतरेंगी और वहां से लोक भवन



जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह गंगटोक के देवराली स्थित नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ तिब्बतोलॉजी और रिज पार्क स्थित ऑर्किडेरियम का दौरा करेंगी। अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति 27 मई की सुबह भारत–चीन सीमा पर स्थित नाथू ला का दौरा करेंगी, जिसके बाद उनके सिक्किम विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है, जहां वह 2023, 2024 और 2025 बैच के छात्रों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति 28 मई को पालजोर स्टेडियम में सिक्किम पुलिस की परेड में शामिल होंगी और फिर दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

# अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा शुरू, कोलकाता के मदर हाउस का किया दौरा

(एजेंसी) कोलकाता। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर शनिवार को कोलकाता पहुंचे। उनकी इस यात्रा की शुरुआत ऐसे शहर से हो रही है, जो राजनीतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। अमेरिका के किसी विदेशी मंत्री का 14 साल बाद कोलकाता में आगमन हुआ है। इससे पहले मई 2012 में अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने कोलकाता का दौरा किया था। रुबियो की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन के रूप में बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिला है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, श्विदेश मंत्री मार्को रुबियो कोलकाता पहुंच चुके हैं। यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। आज बाद में हम नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। आने वाले दिनों में व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा, क्वाड और कई अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी तथा सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा। अमेरिकी राजदूत ने एक अन्य पोस्ट में कहा, अपने मित्र मार्को रुबियो का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है। आने वाले दिनों के लिए हमारा एजेंडा काफी अहम और व्यापक है, जिसमें क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक भी शामिल है। इसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति के उस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है, जिसके तहत भारत–अमेरिका साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाया जाना है। मुझे सार्थक बातचीत और ठोस प्रगति की उम्मीद है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, रुबियो मध्य कोलकाता में स्थित मिशनरीज ऑफ चौरिटी के मुख्यालय मदर हाउस और शहर के एक बाल गृह का दौरा भी करेंगे। रुबियो 23 से 26 मई तक भारत यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान उनका आगरा, जयपुर और नयी दिल्ली जाने का भी कार्यक्रम है। इस दौरे को कूटनीतिक दृष्टि से



महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें भारत के साथ ऊर्जा सहयोग पर चर्चा और क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक प्रस्तावित है। भारत रवाना होने से पहले रुबियो ने मियामी में संवाददाताओं से कहा, हम चाहते हैं कि भारत जितनी अधिक ऊर्जा खरीद सके, उतनी हम उसे बेचें। अमेरिकी उत्पादन और निर्यात इस समय ऐतिहासिक स्तर पर है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से भारत पर पड़ने वाले संभावित ऊर्जा संकट से जुड़े सवाल पर रुबियो ने भारत को भरोसेमंद और महत्वपूर्ण साझेदार बताया और क्वाड देशों के मंत्रियों से मुलाकात को लेकर उत्साह जताया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 26 मई को क्वाड बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में रुबियो के अलावा ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी शामिल होंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कोलकाता में सेंट टेरेसा के मिशनरीज ऑफ चौरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा किया। रुबियो भारत की अपनी पहली चार दिवसीय यात्रा पर आज सुबह कोलकाता पहुंचे। कोलकाता के हवाई अड्डे पर भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने उनका स्वागत किया। उन्होंने श्मिशनरीज ऑफ चौरिटीश के मुख्यालय का दौरा किया और वहां के अधिकारियों से बात की। कोलकाता में मदर टेरेसा द्वारा स्थापित श्मिशनरीज ऑफ चौरिटीश एक कैथोलिक संस्था है, जो दुनियाभर में गरीबों, बीमारों और असहायों की सेवा के लिए समर्पित है। अमेरिका के किसी विदेशी मंत्री का 14 साल बाद कोलकाता में आगमन हुआ है। इससे पहले मई 2012 में अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने कोलकाता का दौरा किया था। रुबियो की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन के रूप में बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिला है। गोर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो कोलकाता पहुंच चुके हैं। यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। आज बाद में हम नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। आने वाले दिनों में व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा, क्वाड और कई अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी तथा सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा।

## सीजेपी के फाउंडरअभिजीत दीपके को लगा बड़ा झटका, सरकार ने बंद की वेबसाइट

(एजेंसी) नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शनिवार को अपने व्यंग्यात्मक डिजिटल संगठन के खिलाफ कार्रवाई किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई अकाउंट हटाए जाने और हैकिंग की घटनाओं के बाद अब संगठन की किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंच नहीं रह गई है। दीपके ने एक्स पर दावा किया कि उनका खुद का इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक कर लिया गया है। इससे दो दिन पहले भारत में सीजेपी के एक्स अकाउंट पर रोक लगा दी गई थी, जिसके बाद दीपके ने नया अकाउंट बनाया था। इसके अलावा सीजेपी की वेबसाइट (कॉकरोचजनतापार्टी डॉट ओआरजी) बंद कर दी गई है। संगठन ने शिक्षा क्षेत्र में कथित नाकामियों और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट–यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान का इस्तीफा मांगते हुए शुक्रवार को एक अभियान शुरू किया था। बाद में दीपके ने दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने धमकी भरे संदेशों के स्क्रीनशॉट भी साझा किए। शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में दीपके ने कहा, कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ कार्रवाई। इंस्टाग्राम पेज हैक किया गया। मेरा व्यक्तिगत इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक किया गया। ट्विटर अकाउंट पर रोक लगाई गई। बैक अप अकाउंट पर भी रोक लगा दी गई। उन्होंने लिखा, आपको सूचित करना चाहता हूं कि फिलहाल हम अपने सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे। इस पोस्ट के बाद किसी भी पोस्ट को कॉकरोच जनता पार्टी का आधिकारिक बयान न माना जाए। सीजेपी की वेबसाइट (कॉकरोचजनतापार्टी डॉट ओआरजी) बंद कर दी गई है। दीपके ने कहा कि यह कार्रवाई प्रधान के खिलाफ अभियान चलाने के लिए की गई। उन्होंने कहा, ष्प्रश्नपत्र लीक मामले में शिक्षा मंत्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन छात्रों के लिए जिन्होंने सरकारी नाकामियों के कारण अपनी जान गंवा दी। लेकिन भारत में जवाबदेही की मांग करने वाली कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा में शामिल होते ही राघव चड्ढा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, राज्यसभा में इस समिति के बने अध्यक्ष

(एजेंसी) नई दिल्ली। हाल ही में आम आदमी पार्टी को छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें राज्यसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति का पुनर्गठन करने के बाद सदन के 10 सदस्यों को इस पैनल के लिए नामित किया गया है। राज्यसभा की एक अधिसूचना में कहा गया है कि राघव चड्ढा को याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसमें यह भी बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने 20 मई से प्रभावी रूप से इस पैनल का पुनर्गठन किया है। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने याचिका समिति का पुनर्गठन करने के बाद सदन के 10 सदस्यों को इस पैनल के लिए नामित किया। चड्ढा के अलावा पैनल के सदस्यों में हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल, मयंककुमार नायक, मस्तान राव यादव बीधा, जेबी माथेर हिशाम, सुभाशीष खुंटिया, रंगव्रा नारजारी और संदोश कुमार पी शामिल हैं। एक अन्य अधिसूचना में राज्यसभा सचिवालय ने कहा कि राज्यसभा के सभापति ने 20 मई 2026 को राज्यसभा के सदस्य डॉ. मेनका गुरुस्वामी को कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर संयुक्त समिति के सदस्य के रूप में नामित किया है। बता दें कि आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं में एक रहे राघव चड्ढा ने राज्यसभा के छह अन्य सांसदों के साथ पार्टी को अलविदा कह दिया था। सभी सात सांसदों ने 27 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। राज्यसभा में 10 सांसदों वाली आप के अब केवल 3 सांसद बचे हैं। इन नेताओं के बीजेपी में शामिल होने के बाद आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से



उन्हें बर्खास्त करने की मांग की थी। बीजेपी में शामिल होने वाले सांसदों में राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी हैं। इस बीच राघव चड्ढा की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर किया गया है। इसमें सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों पर उनके बारे में प्रसारित किए जा रहे फर्जी, एआई–जनरेटेड और डीपफेक कंटेंट को तत्काल हटाने और ब्लॉक करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि संबंधित सामग्री दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और राघव चड्ढा की प्रतिष्ठा व व्यक्तित्व अधिकारों को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली है। याचिका में यह भी कहा गया है कि एआई और डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल कर छेड़छाड़ की गई सामग्री तैयार करना और प्रसारित करना न केवल कानूनी और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि इससे अपूरणीय प्रतिष्ठात्मक क्षति भी हो रही है। दिल्ली हाई कोर्ट में दायर इस याचिका पर जस्टिस सुब्रह्मण्यम प्रसाद की बेंच ने सुनवाई की। जस्टिस प्रसाद ने कहा कि यह राघव चड्ढा के व्यक्तिगत अधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं बनता। उनकी आलोचना उनके राजनीतिक फैसले को लेकर और बीजेपी में जाने को लेकर की जा रही है। हाई कोर्ट ने कहा कि व्यक्तित्व अधिकारों का व्यवसायिक इस्तेमाल और आलोचना करने में अंतर है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# आजम खान की सजा 7 से बढ़कर हुई 10 साल

## दो पैन कार्ड मामले में कोर्ट का बड़ा फैसलाय अब्दुल्ला पर भी लगा भारी जुर्माना

(एजेंसी) लखनऊ। दोहरे पैन कार्ड रखने के मामले में जेल में बंद मोहम्मद आजम खान के लिए आज का दिन बेहद मुश्किलों भरा रहा। एमपी–एमएलए सेशन कोर्ट ने मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा सुनाई गई 7 साल की सजा को अपर्याप्त मानते हुए, अभियोजन पक्ष की अपील पर सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया है। इससे पहले, निचली अदालत (मजिस्ट्रेट कोर्ट) ने आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए दोनों को 7–7 साल की कैद और 50–50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हालांकि, अभियोजन पक्ष ने इस सजा को बढ़ाने के लिए सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी, जिस पर लंबी सुनवाई के बाद आज फैसला आया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहीं सीमा सिंह राणा ने कोर्ट के फैसले को न्याय की जीत बताया। उन्होंने दलील दी थी कि धोखाधड़ी और संवैधानिक दस्तावेजों के साथ हेरफेर के मामले में कड़ी सजा की जरूरत थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया। मामले के शिकायतकर्ता और भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जो साम्राज्य खड़ा किया गया था, उसका अंत इसी तरह होना तय था। यह मामला अब्दुल्ला



आजम खान के फर्जी तरीके से दो पैन कार्ड बनवाने से जुड़ा है। आरोप था कि आजम खान ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर अलग–अलग जन्मतिथि दर्शाते हुए दो पैन कार्ड बनवाए, जिसका इस्तेमाल वित्तीय लाभ और चुनाव लड़ने के लिए किया गया।

# सम्पादकीय

## क्यूबा का ढ़ाल बना चीन

क्यूबा पर अमेरिका कभी भी बड़ा हमला कर सकता है या वहां सत्ता बदलने की कोशिश कर सकता है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि यह संभावना पहले से कहीं मजबूत हो चुकी है क्योंकि अमेरिका ने क्यूबा के पूर्व नेता राउल कास्त्रो पर हत्या का केस दर्ज कर दिया है। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान, कैरेबियन सागर में अमेरिकी युद्धपोतों की एंट्री, जासूसी विमानों की उड़ान और ड्रोन निगरानी ने



नफीस जाफरी

दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। कई एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि ये सिर्फ सामान्य गतिविधियां नहीं हैं, बल्कि क्यूबा पर बढ़ते अमेरिकी दबाव के बड़े संकेत हो सकते हैं। वेनेजुएला वाली कहानी क्यूबा में भी दोहराई जा सकती है। तो वहीं दूसरी ओर क्यूबा को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। अमेरिका की ओर से सख्त रुख अपनाने और क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर गंभीर आरोप लगाने के बाद अब चीन खुलकर क्यूबा के समर्थन में उतर आया है। चीन ने साफ कहा है कि अमेरिका कानूनी कार्रवाई और प्रतिबंध बंद करे और क्यूबा की संप्रभुता का सम्मान करे। बीजिंग का यह बयान दिखाता है कि मामला अब केवल क्यूबा तक सीमित नहीं, बल्कि बड़ी ताकतों की सीधी टक्कर में बदल चुका है। अमेरिका ने क्यूबा के कम्युनिस्ट नेता और पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर अमेरिकी नागरिकों की हत्या की साजिश और 1996 में दो विमानों को गिराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों के बाद वाशिंगटन का रुख और सख्त हुआ, जिससे पुराने तनाव दोबारा उभर आए। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अहम सवाल यही है कि चीन अचानक इतना सक्रिय क्यों हुआ? असल में पिछले कुछ सालों में चीन और क्यूबा के संबंध तेज़ी से मजबूत हुए हैं। क्यूबा में चीन का निवेश बढ़ रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक सहयोग गहरा हुआ है। कुछ अमेरिकी रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि चीन क्यूबा में निगरानी सुविधाएं विकसित करना चाहता है। ताकि वह अमेरिका की सैन्य गतिविधियों पर नजर रख सके। हालांकि चीन और क्यूबा दोनों इन दावों को खारिज करते रहे हैं। क्यूबा का भौगोलिक महत्व बेहद बड़ा है। यह अमेरिका के बेहद करीब स्थित है। शीत युद्ध के समय से ही यह क्षेत्र ॅ अे विरोधी ताकतों का केंद्र रहा है। अब चीन का क्यूबा में बढ़ता प्रभाव अमेरिका के लिए सीधी चुनौती माना जा रहा है।

## मां-बाप का हक

संवेदनाओं के क्षरण व आत्मकेंद्रित होती नई पीढ़ी के दौर में मां–बाप की बेकद्री विचलित करने वाली है। यह विडंबना ही है कि उन मां–बाप की देखभाल करने का निर्देश अदालत को देना पड़ रहा है, जिनका ऋण वे कभी चुका ही नहीं सकते। मां के रक्त से सींचे गए और पिता की पसीने से पले–बढ़े बेटे से यदि अदालत को कहना पड़े कि 'मां को घर में रहने के लिये एक कमरा, अलग बाथरूम और बुनियादी सुविधाएं दी जाएं', तो यह बात शर्मसार करने वाला है। जिस मां ने नौ माह तक बेटे को अपने पेट में पाला, उसे घर में रहने देने के लिये अदालत को निर्देश देना पड़े, इससे बड़ा कृतघ्नता का दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। भले ही यह कोर्ट का आदेश हो, लेकिन यह एक अलिखित नैतिक दायित्व पहले से ही है। निश्चय ही यह घटनाक्रम हमारे समाज की बेहद कष्टदायक होती तसवीर को ही उकेरता है। सामान्य तौर पर मां–बाप अपना पेट काटकर, अपने सुख–सुविधाओं पर समझौता कर, बच्चों को बेहतर से बेहतर देने का प्रयास करते हैं। एक मां–बाप ही होते हैं जो सच्चे मन से अपने बच्चों की तरक्की चाहते हैं। निस्संदेह, ऐसी पढ़ी–लिखी संतानों से अनपढ़ संतानें बेहतर हैं, जो कम से कम अपने वृद्ध माता–पिता के पास रहकर उनका ख्याल तो रखती हैं। यह सवाल परेशान करने वाला है कि जिस समाज में 'मातृ देवो भव' की सर्वस्वीकार्य मान्यता रही हो, वहां ये कैसी कलयुगी संतानें जन्म ले रही हैं? मां–बाप की बेकद्री की यह अकेली कहानी नहीं है, हर रोज अखबारों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें धन–संपत्ति के लिये मां–बाप से क्रूरता की जा रही होती है। निस्संदेह, यदि उनकी अवहेलना व उत्पीड़न का यह क्रम यूं ही चलता रहा तो बहुत संभव है भारत में भी पश्चिमी देशों जैस चलन शुरू हो जाएगा, जहां मां–बाप बच्चों को होश संभालने के बाद ही उन्हें पैरों पर खड़ा होने के लिये चलता कर देते हैं। दरअसल, पश्चिमी देशों में मां–बाप मानकर चलते हैं कि बड़े होकर बच्चों ने उनकी देखभाल नहीं करनी, अतरू इनसे पहले ही किनारा कर लो। आधुनिकता व तरक्की की लाख इबारतें लिख ली जाएं, भारतीय समाज कभी पश्चिमी समाज की तर्ज पर नहीं चल सकता। भारत श्रवण कुमार का देश है और आज भी अधिसंख्य संतानें अपने मातृ–पितृ ऋण उतारती हैं। उनका ख्याल रखती हैं। विकृतियां महानगरीय संस्कृति की भी देन हैं। बच्चों की भी अपनी दुश्वारियां हैं। फिर भी भारतीय संस्कृति में वो शक्ति है जो पारिवारिक मूल्यों को सींचती है। बहरहाल, माता–पिता की सेवा–सम्मान व बुढ़ापे में उनकी देखभाल करना महज एक सांस्कृतिक दिखावा नहीं है बल्कि संतानों का नैतिक–कानूनी दायित्व भी है। हाल ही में कोर्ट ने जिस घर में बेटे को वृद्ध मां को एक कमरा आदि देने को कहा, वह मकान वृद्धा के दिवंगत पति द्वारा ही बनाया गया था। जिसमें अपना हक पाने हेतु उसे न्यायिक हस्तक्षेप का सहारा लेना पड़ा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि किसी वृद्ध मां को आश्रय और आत्म स्वाभिमान हेतु बच्चों के खिलाफ कोर्ट–कचहरी करनी पड़े। निस्संदेह, यह उस भारतीय संयुक्त परिवार परंपरा का पराभव ही है जिसकी मिसाल पश्चिमी भोगवादी संस्कृति के अगुवा दिया करते थे। यहां न्यायालय के संवेदनशील व न्यायपूर्ण निर्णय की मुक्त कंठ से सराहना करनी होगी, जिसमें कोर्ट ने निर्णय के खिलाफ दी गई पुत्र की याचिका को खारिज कर जुर्माना लगाया। यह कष्टकारी ही है कि देशभर की अदालतें परित्यक्त–प्रताड़ित माता–पिता से जुड़े विवादों का सामना कर रही हैं। न्यायाधिकरणों और उच्च न्यायालयों ने दुर्व्यवहार करने वाले बच्चों को बेदखल करने तक के आदेश दिए हैं। अदालतों द्वारा माता–पिता द्वारा अर्जित संपत्ति पर उनके अधिकारों को बरकरार रखने ने वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 को सुदृढ़ ही किया है। न्यायपालिका ने संपत्ति के अधिकार के साथ ही कल्याण संबंधी चिंताओं को भी सावधानीपूर्वक संतुलित किया है। न्यायालय ने यह भी सुनिश्चित किया है कि पारिवारिक झगड़ों में कानून का दुरुपयोग न हो। लेकिन फिर भी संकट का समाधान सिर्फ कानून से संभव नहीं है। हाईकोर्ट का फैसला संदेश देता है कि विरासत पर बातचीत हो सकती है, लेकिन मानवता पर नहीं।

# राज्यसभा चुनाव-कांग्रेस में ''एक अनार सौ बीमार'' की स्थिति'



गुलफिशा खान

जैसा कि सर्वविदित है कि राज्यसभा की खाली हो रही सीटों पर चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने आज द्विवार्षिक चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। दस राज्यों की 24 सीटों पर 18 जून को मतदान होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह रिटायर हो रहे हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन भी राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं। चुनाव आयोग के नोटिफिकेशन के मुताबिक एक जून को नोटिफिकेशन जारी होगा। 8 जून तक नामांकन भरा जा सकेगा। 9 जून को नामांकन की जांच होगी। 11 जून को नामांकन वापस लिया जा सकेगा।अगर जरूरी हुई तो 18 जून को वोटिंग होगी। वोटिंग सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगी। 18 जून को मतगणना होगी और 20 जून तक राज्यसभा का चुनाव पूरा कर लिया जाएगा। जैसा कि उल्लेखनीय है कि राज्यसभा की 26 सीटों के लिए चुनाव होने जा रहे हैं, जिनमें 24 नियमित सीटें हैं, जबकि दो सीटों पर उपचुनाव होंगे. उपचुनाव वाली एक सीट महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार के इस्तीफे से खाली हुई है, जबकि दूसरी सीट तमिलनाडु से है। कांग्रेस के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि फिलहाल उसके पास चार सीटें हैं, जो बढ़कर पांच या छह हो सकती हैं। हालांकि, इससे भी अधिक दिलचस्प यह है कि राज्यसभा टिकट की दौड़ में कौन–कौन से नेता शामिल हैं। सबसे पहले बात राजस्थान की करें, तो यहां कांग्रेस एक सीट जीत सकती है। इस सीट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम काफी चर्चा में है। हालांकि, समस्या यह है कि गहलोत वर्तमान में विधायक हैं और बड़ा सवाल यह है कि क्या वे राजस्थान की राजनीति छोड़कर दिल्ली जाना चाहेंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी नेतृत्व राजस्थान की जिम्मेदारी सचिन पायलट को सौंपना चाहता है और अशोक गहलोत को दिल्ली में सम्मानजनक भूमिका देना चाहता है। लेकिन इसके लिए गहलोत को राजी करना होगा, क्योंकि वे



पहले भी कांग्रेस अध्यक्ष पद स्वीकार करने से इनकार कर चुके हैं और कई बार कह चुके हैं कि वे राजस्थान की सेवा करना चाहते हैं। राजस्थान से एक तेज–तर्रार कांग्रेस प्रवक्ता का नाम भी चर्चा में है, जो हाल ही में असम के मुख्यमंत्री से टकराव के कारण सुर्खियों में रहे थे। चूंकि पवन खेड़ा राजस्थान से ही आते हैं, इसलिए उन पर बाहरी होने का आरोप भी नहीं लगेगा। हालांकि हर बार चुनाव से पहले उनके नाम की चर्चा होती रही है, लेकिन इस बार क्या होता है, यह देखना होगा। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस एक सीट जीतने की स्थिति में है, जो दिग्विजय सिंह के कार्यकाल समाप्त होने से खाली हो रही है। दिग्विजय सिंह ने तीसरा कार्यकाल लेने से इनकार किया है। लेकिन पार्टी के कुछ जानकार उन्हें अभी भी दौड़ में मान रहे हैं। अन्य संभावित नामों में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शामिल हैं, जिनके कद और अनुभव को देखते हुए उनके नाम पर आपत्ति की संभावना कम है। इसके अलावा मीनाक्षी नटराजन और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नाम भी चर्चा में हैं। कर्नाटक में कांग्रेस तीन सीटें जीत सकती है। इनमें एक सीट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम लगभग तय माना जा रहा है। वहीं, दूसरी सीट पर डी.के. शिवकुमार अपने भाई डी.के. सुरेश को भेजना चाहते हैं, जो पहले लोकसभा सांसद रह चुके हैं। लेकिन पिछला चुनाव हार गए थे। तीसरी सीट पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपने किसी समर्थक को भेजना चाहेंगे। कर्नाटक में यह चुनाव मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही अंदरूनी राजनीतिक खींचतान से भी जुड़ा हुआ है। कांग्रेस नेतृत्व डी.के. शिवकुमार को संतुष्ट रखने के लिए उन्हें एक सीट देना चाहता है, क्योंकि अभी तक मुख्यमंत्री बदलने को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। झारखंड में भी दो सीटों के लिए चुनाव होने हैं। कांग्रेस की कोशिश है कि वह वहां की गठबंधन सरकार में साझेदार होने के चलते हेमंत सोरेन से बातचीत कर कम से कम एक सीट पर अपना उम्मीदवार उतार सके। अब उन दो सीटों की बात करें जहां उपचुनाव होने हैं। तमिलनाडु की सीट पर चुने गए उम्मीदवार का कार्यकाल केवल दो साल का होगा। देखना होगा कि इस सीट पर अभिनेता से राज्य के मुख्यमंत्री बने विजय अपनी पार्टी से उम्मीदवार उतारते हैं या कांग्रेस अथवा सहयोगी दलों को यह सीट मिलती है। इसी तरह महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर भी उपचुनाव होगा, जिसका कार्यकाल भी दो साल का ही रहेगा। बताया जा रहा है कि इन 26 सीटों के लिए आवश्यकता पड़ने पर 18 जून को मतदान कराया जा सकता है।

# ''कॉकरोच जनता पार्टी''- सोशल मीडिया का नया धमाल ?



फरीद वारसी

सोशल मीडिया की दुनिया में इन दिनों ''कॉकरोच जनता पार्टी'' नाम हर तरफ छाया हुआ है। इंस्टाग्राम रील्स से लेकर मीम पेज और एक्स पोस्ट तक, लोग इसी ट्रेंड पर बात कर रहे हैं। बेरोजगारी, सिस्टम और युवाओं की नाराजगी को लेकर शुरू हुआ ये डिजिटल सटायर अब इंटरनेट का बड़ा वायरल ट्रेंड बन चुका है। खास बात ये है कि अब इस ट्रेंड में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लोग भी शामिल होने लगे हैं। एक्टर और टीवी होस्ट शेखर सुमन ने भी इस ट्रेंड पर एक मजेदार रील बनाई, जिसके बाद सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा और तेज हो गई है। लोग इस वीडियो को तेजी से शेयर कर रहे हैं और इस पर जमकर रिएक्शन भी दे रहे हैं। वायरल हो रही रील में एक शख्स शेखर सुमन से पूछता है कि वो क्या सोच रहे हैं। इसके जवाब में शेखर सुमन कहते हैं कि वो कॉकरोचेज यानी कॉकरोच जनता पार्टी के बारे में सोच रहे हैं। इसके बाद वो मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि हिट नहीं, हिट तो कॉकरोच को मार देता है। पहली बार कॉकरोचेज सिस्टम को हिट करेंगे। रील में आगे वो कहते नजर आते हैं कि कॉकरोच ऐसे जीव हैं जो परमाणु बम के बाद भी जिंदा रह सकते हैं। इसके बाद वो कॉकरोचेज ऑफ द वर्ल्ड यूनाइट जैसी लाइन बोलते हैं। यही वजह है कि ये वीडियो अब मीम और सटायर कंटेंट के तौर पर तेजी से वायरल हो रहा है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि बीते तीन–चार दिनों से सोशल मीडिया पर "कॉकरोच जनता पार्टी" की चर्चा जोरों पर है। एक हफ़्ते के भीतर इंस्टग्राम पर इसके एक करोड़ से ज्यादा फ़ॉलोवर बन चुके हैं जो किसी भी मेन स्ट्रीम राजनीतिक दल के हैंडल से ज्यादा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की एक टिप्पणी की व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया में शुरू किए गए इस अभियान का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि पार्टी की चर्चा राजनीतिक गलियारों में भी हो रही है। लेकिन साथ ही, सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ये भी दावा कर रहे हैं कि कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर तो बढ़ रहे हैं लेकिन उसी तादाद में एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नहीं। इसलिए ये शंका भी जाहिर की जा रही है कि कहीं इस बूस्ट के पीछे देश में बाहर बैठे बॉट्स का हाथ है। महज चार–पांच दिन पुरानी इस वेबसाइट के संस्थापक अध्यक्ष हैं अभिजीत दीपके जो अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले अभिजीत कुछ सालों तक आम आदमी पार्टी और केजरीवाल सरकार के अंतर्गत काम कर चुके हैं। दरअसल, बीते शुक्रवार 15 मई को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए "कॉकरोच" वाली टिप्पणी की थी। पहले ये रिपोर्ट किया गया कि उन्होंने बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी फर्जी डिग्री वालों के लिए थी, युवाओं के लिए कतई नहीं! मीडिया रिपोर्ट्स पर दुख जताते हुए सूर्यकांत कहा कि ने उन्हें देश के युवाओं पर ना केवल गर्व है बल्कि युवा उन्हें प्रेरित करते हैं। बहरहाल चीफ जस्टिस की सफाई सामने आने से पहले ही हर तरफ "कॉकरोच पर चर्चा" शुरू हो चुकी थी। इन्हीं सब के बीच अभिजीत दीपके ने बॉस्टन (अमेरिका) से 16 मई को एक्स पर "कॉकरोच जनता पार्टी" की एक इमेज के साथ एक गूगल फॉर्म का लिंक पोस्ट करते हुए कहा – सभी कॉकरोच के लिए एक नया मंच बना रहा हूँ, जो शामिल होना चाहते हैं वो लिंक पर क्लिक करें। जिसके बाद हज़ारों लोगों ने गूगल फॉर्म भरे. एक्स और इंस्ट्सग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर "कॉकरोच जनता पार्टी" को अपने समर्थन जाहिर करने लगे। टीएमसी के कुछ सांसदों ने खुद को "कॉकरोच जनता पार्टी"का सदस्य बता दिया। इसी क्रम में बीते दिनों समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट किया "भाजपा बनाम सीजेपी।"ज़ाहिर है कि एक हफ़्ते के भीतर इस प्रयोग पर ज्यादातर लोगों की नज़र पड़ चुकी थी। जबकि वहीं दूसरी ओर एक साक्षात्कार में अभिजीत ने कहा कि इसे मैंने मज़ाक के तौर पर शुरू किया था। लेकिन लोगों की प्रतिक्रिया के बाद अब इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसमें क्षमता है। एक इंटरव्यू में अभिजीत ने कहा, "नेपाल, बांग्लादेश के जेनजी से हमारी तुलना करना सही नहीं है। देश के युवाओं का अपमान मत करिए। हम संविधान में विश्वास रखते हैं और हमारी मुहिम लोकतंत्र को बचाने की है। मुझे जेनजी युवाओं के संदेश आ रहे हैं कि क्रांति शुरू कर दी है अब पीछे मत हटना। इस उम्मीद को ज़िंदा रखने के लिए जो भी करना होगा मैं पीछे नहीं हटूंगा।" गरिपोर्ट्स के मुताबिक पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई करने के बाद वो कुछ साल तक आम आदमी पार्टी के ऑनलाइन प्रचार का काम देखते थे। आम आदमी पार्टी से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक बॉस्टन जाने से पहले तक अभिजीत मनीष सिसोदिया के साथ दिल्ली सरकार में काम कर रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिजीत दीपके बोस्टन में पब्लिक रिलेशन्स का कोर्स कर रहे है। अभिजीत दीपके का दावा है कि एक लाख से ज़्यादा लोग कॉकरोच जनता पार्टी से पंजी.त हो चुके हैं।

# आर्थिक संयम की अपील : राष्ट्रवाद या संकट प्रबंधन

अरुण डनायक

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से आपूर्ति शृंखलाएं और तेल कीमतें प्रभावित हैंय ऐसे में 10 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए विदेश यात्रा व सोने की खरीद टालने, पेट्रोल डीजल की खपत घटाने, सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने तथा जीवनशैली में बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने पार्सल ढुलाई को रेल से और वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहित करने की भी सलाह दी। यह अपील सतही तौर पर श्आर्थिक राष्ट्रवादश लगती है, पर संदर्भ में यह वैश्विक अस्थिरता और घरेलू दबावों की आपात प्रतिक्रिया प्रतीत होती है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भारत जैसे आयात–निर्भर देश पर दबाव बढ़ाया है। इसी पृष्ठभूमि में रुपया 95 प्रति डॉलर के पार पहुंचाकृजो बाह्य क्षेत्र पर बढ़ते दबाव का संकेत है, जहां हाल के महीनों में निर्यात–आयात असंतुलन से बढ़ता चालू खाता घाटा और उससे भी अधिक पूंजीगत खाते की कमजोरीकृविशेषकर विदेशी निवेश, बाहरी उधारी और अन्य पूंजी प्रवाह में कमीकृरुपये पर दबाव के प्रमुख कारण रहे हैं। ऊर्जा और सोने पर भारी आयात निर्भरता भारत की संरचनात्मक कमजोरी रही है। तेल और सोने की ऊंची कीमतें डॉलर की मांग बढ़ाती हैं। खाड़ी देशों से प्रेषण पर अनिश्चितता ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। इस दबाव के बीच तेल वितरण कंपनियों को लगभग रुपए 1000 करोड़ का घाटा प्रतिदिन हो रहा है और खरीफ सीजन से पहले उर्वरकों के कच्चे माल जैसे प्राकृतिक गैस, पोटाश, अमोनिया जैसे रसायनों का महंगा आयात भी अपरिहार्य है। रासायनिक उर्वरकों की कमी या महंगाई से कृषि उत्पादन प्रभावित होने और खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है, जो समय रहते नियंत्रण न होने पर खाद्य सुरक्षा के लिए चुनौती बन जायेगी। ऐसे में प्रधानमंत्री की अपील मूलतरू डॉलर की मांग घटाने का एक आसान विकल्प भर है, जबकि परिस्थितियां कीमतों के यथार्थपरक समायोजन जैसे कठिन, पर अधिक प्रभावी, निर्णयों की मांग करती हैं। व्यवहारिक स्तर पर भी इस अपील की सीमाएं स्पष्ट हैं। अधिकांश शहरों में सार्वजनिक परिवहन अव्यवस्थित, भीड़भाड़ वाला और समय–साध्य है। दूसरी ओर, राजनीतिक रैलियों, सरकारी काफिलों और आयोजनों में संसाधनों का व्यापक उपयोग श्कथनी और करनीश के अंतर को उजागर करता है। मध्यप्रदेश में निगम–मंडल अध्यक्षों का सैकड़ों वाहनों के साथ राजधानी भोपाल पदभार ग्रहण करने पहुंचना इस विरोधाभास को और गहरा करता है। यह विरोधाभास जनता से अपेक्षित संयम की नैतिक ताकत को कमजोर करता है। बाजार की प्रतिक्रिया ने इस अपील के निहितार्थ को और स्पष्ट किया। एविएशन, पर्यटन और ज्वेलरी क्षेत्रों में तेज गिरावट आई और एक ही दिन में लगभग 4 लाख करोड़ की बाजार पूंजीकरण में कमी दर्ज की गई। पेट्रोल कीमत



में हालिया बढ़ोतरी ने निवेशकों की आशंका को पुष्ट कर दिया है, जबकि बढ़ते आर्थिक दबाव के कारण समग्र आर्थिक संतुलन बिगड़ने की संभावना भी बनी हुई है। सरकार ने 69 दिनों के कच्चे तेल, एलएनजी और 45 दिनों के एलपीजी भंडार का हवाला देकर स्थिति को नियंत्रित बताया है, लेकिन दीर्घकालिक संकट की स्थिति में यह पर्याप्त नहीं माना जा सकता। इससे ऊर्जा नीति की सीमाएं भी उजागर होती हैं। सौर, पवन और भंडारण जैसी वैकल्पिक ऊर्जा में निवेश की गति धीमी है और इलेक्ट्रिक वाहनों, इंडक्शन कुकिंग तथा बायोगैस जैसे विकल्पों का विस्तार सीमित है। पेट्रोलियम भंडारण क्षमता भी पिछले एक दशक से नहीं बढ़ी है। 2003 में शुरू हुई रणनीतिक भंडारण परियोजना का दूसरा चरणकृजिसे 2021 में मंजूरी मिलीकृबजट और प्रक्रियागत देरी के कारण अब तक जमीन पर नहीं उतर सका है, परिणामस्वरूप पेट्रोलियम पर निर्भरता कम नहीं हो पाई है। नोटबंदी और कोविड लॉकडाउन की तरह इस बार भी अपील के बाद स्थिति स्पष्ट करने के लिए मंत्रियों को सामने आना पड़ा, जो संकेत देता है कि निर्णय और उसके प्रभावों के आकलन के बीच संतुलन अक्सर कमजोर रहता है। भारत की विदेश नीति के क्रियान्वयन पर भी प्रश्न उठते हैं। संकट की इस संवेदनशील घड़ी में शीर्ष स्तर की पश्चिम एशिया यात्राओं का समय और प्राथमिकता स्पष्ट रणनीतिक संदेश नहीं दे पातीं। बढ़ते तनाव के बीच ऐसी सक्रियता कूटनीतिक पहल तो दिखाती है, पर उसके ठोस परिणामों और रणनीतिक लाभों पर पारदर्शिता का अभाव बना रहता है। सबसे गंभीर प्रश्न संसदीय लोकतंत्र और संसद में जवाबदेही से जुड़ा है । इतने महत्वपूर्ण वैश्विक संकट पर संसद में व्यापक चर्चा और सर्वसम्मत नीति–निर्माण अपेक्षित था, लेकिन सरकार की सक्रिय पहल का अभाव दिखा। विपक्ष के सुझावों की अनदेखी और संवाद की कमी से संकट प्रबंधन संस्थागत विमर्श के बजाय सीमित दायरे में सिमटता प्रतीत होता है। सांस्कृतिक पहल के नाम पर मंदिरों में स्वर्णमंडन की भव्य परियोजनाओं के बीच सोना न खरीदने की अपील एक विरोधाभास पैदा करती है। एक ओर आर्थिक संयम का संदेश है, तो दूसरी ओर स्वर्ण उपयोग का विस्तार श्स्वर्ण संसाधन अवरोधश को बढ़ावा देता दिखता है। भारतीय रिजर्व बैंक भी हाल के वर्षों में अपने स्वर्ण भंडार में लगातार वृद्धि कर रहा है। मार्च 2026 तक बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी बढ़कर 16. 7प्रतिशत हो गई, जो छह महीने पहले 13.92प्रतिशत थी। वैश्विक स्तर पर कई केंद्रीय बैंक आर्थिक अनिश्चितता और बाजार अस्थिरता से बचाव के लिए सोना एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में बढ़ा रहे हैं, जो संस्थागत स्तर पर इसके महत्व को दर्शाता है। हालांकि सोना खरीदना व्यक्तिगत रूप से गलत नहीं है, पर यह केवल निजी पसंद नहीं, बल्कि भारत की पारंपरिक बचत प्रवृत्ति और आधुनिक आर्थिक आवश्यकताओं के बीच एक संरचनात्मक द्वंद्व भी है। ऐसे में नीति–निर्माण के स्तर पर इन दोनों प्रवृत्तियों के बीच अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता महसूस होती है। यद्यपि भारत के पास लगभग 690 बिलियन डॉलर का पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के विशेष आहरण अधिकारों (एसडीआर) का आपात उपयोग भी नहीं करना पड़ा है, इसलिए 1990–91 जैसी गंभीर स्थिति की आशंका फिलहाल कम हैय तथापि विलंब से उठाए गए कदमों के बीच ऐसी अपील आर्थिक रूप से उचित प्रतीत होती है, पर इसकी प्रभावशीलता सरकार की नीतिगत सुसंगति और विश्वसनीयता पर निर्भर करती है। यदि समय रहते ऊर्जा विविधीकरण, आयात निर्भरता में कमी और संस्थागत संवाद मजबूत किए गए होतेकृसाथ ही अस्थिर विदेशी संस्थागत व पोर्टफोलियो निवेश को आकर्षित करने वाली नीतियां सुधारी जातीं, गोल्ड बॉन्ड अधिक आकर्षक बनाए जाते, संकट संचार पेशेवर होता और पेट्रोलियम भंडारण विस्तार समय पर होताकृ तो आज स्थिति इतनी दबावपूर्ण न होती। आर्थिक संकट से निपटने के लिए केवल जनता से संयम की अपेक्षा पर्याप्त नहींकृ सरकार भी अपने निर्णयों, प्राथमिकताओं और आचरण में आवश्यक पारदर्शिता दिखाए, तभी आर्थिक राष्ट्रवाद ठोस राष्ट्रीय प्रयास बन पाएगा।

(लेखक भारतीय स्टेट बैंक सेवानिवृत सहायक महाप्रबंधक हैं)

# सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस की तत्परता, नौ मिनट में बचाई युवक की जान

### – आत्महत्या करने जा रहे युवक को जसवंतनगर पुलिस ने समझाकर घर लौटाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सोशल मीडिया पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 9 मिनट में मौके पर पहुंचकर 38 वर्षीय युवक की जान बचा ली। पुलिस की सक्रियता और समय पर की गई काउंसलिंग से युवक को आत्मघाती कदम उठाने से रोका जा सका। मामला थाना जसवंतनगर क्षेत्र का है, जहां निवासी सत्यदेव सिंह पुत्र स्वर्गीय इंद्रपाल सिंह




ने फेसबुक पर अपनी और पत्नी की फोटो साझा करते हुए लिखा कि वह मानसिक तनाव से परेशान होकर अपनी जिंदगी समाप्त करने जा रहा है। सोशल मीडिया मंच मेटा से प्राप्त इनपुट के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। सूचना मिलते ही थाना जसवंतनगर पुलिस टीम तेजी से युवक के घर पहुंची। परिजनों से जानकारी करने पर पता चला कि युवक घर से बाहर निकल चुका है। इसके बाद पुलिस टीम तुरंत उसकी तलाश में निकल पड़ी और कुछ दूरी पर युवक को जाते हुए देखा। पुलिसकर्मियों ने उसे रोककर समझाया और सुरक्षित घर वापस ले आए। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह स्नातक शिक्षित है और फोटोग्राफी का कार्य करता है। पत्नी से लंबे समय से चल रहे विवाद के कारण वह मानसिक तनाव में था और इसी वजह से आत्महत्या करने का विचार उसके मन में आया। उसने बताया कि वह बाग की ओर आत्महत्या करने के उद्देश्य से ही जा रहा था। पुलिस कर्मियों द्वारा युवक की काउंसलिंग की गई, जिसके बाद उसने भविष्य में ऐसा कदम न उठाने का आश्वासन दिया। युवक के परिजनों ने पुलिस की तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए थाना जसवंतनगर पुलिस एवं इटावा पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने या वायरल होने के उद्देश्य से भ्रामक अथवा संवेदनशील पोस्ट साझा न करें, जिससे समाज और प्रशासन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो।

# सनसनीखेज हत्या का वांछित हत्यारोपी आलाकत्ल के साथ दबोचा

### – वारदात के बाद से चल रहा था फरार, झलरिया क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर पकड़ा

### – पुलिस की मुस्तैदी से सलाखों के पीछे पहुंचा कातिल, आला अधिकारियों ने थपथपाई पीठ

न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी, लखीमपुर खीरी। इलाके में सनसनी फैलाने वाले एक जघन्य हत्या के मामले में थाना खीरी पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बेहद तत्परता और सूझबूझ से काम लिया और हत्या की वारदात में वांछित चल रहे मुख्य आरोपी को वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार आलाकत्ल के साथ रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस की इस त्वरित और कड़क कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कड़े रुख और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जिले भर में कड़ा अभियान




चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी थी। तभी मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि हत्या का आरोपी इलाके से भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने बिना वक्त गंवाए अपनी टीम के साथ झलरिया जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग से पहले घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर में पुलिस टीम ने घेरा डालकर संदिग्ध को दबोच लिया। जब उसकी जामा तलाशी ली गई, तो उसके पास से हत्या में प्रयुक्त किया गया आलाकत्ल बरामद हुआ, जिसे देखकर पुलिस टीम भी दंग रह गई। बीएनएस की गंभीर धाराओं में दर्ज है मुकदमा पकड़े गए हत्यारोपी की शिनाख्त कमल पुत्र शिवकुमार, निवासी जिन्सी अरनीखाना थाना व जिला खीरी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना खीरी में मु0अ0सं0 349/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) ख्हत्या, और 3(5) जैसी संगीन और गैर–जमानती धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए आरोपी को सीधे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे सख्त सुरक्षा के बीच जेल भेज दिया गया है। इतने संवेदनशील और बड़े क्राइम के आरोपी को दबोचने में थाना खीरी के इन पुलिस कर्मियों की भूमिका बेहद सराहनीय रही। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने खुद फ्रंट से टीम को लीड किया। कांस्टेबल रामलखन ने आरोपी को दबोचने में अहम भूमिका निभाई। कांस्टेबल जोनी कुमार घेराबंदी के दौरान मुस्तैद रहे। हत्याकांड के आरोपी को चंद दिनों में आलाकत्ल के साथ सलाखों के पीछे भेजने पर स्थानीय जनता ने भी राहत की सांस ली है। कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में थानाध्यक्ष निराला तिवारी और उनकी टीम के इस त्वरित एक्शन और तेज कार्यशैली की जमकर सराहना हो रही है।

# जाली नोटों के संगठित गैंग के तीन सदस्य दोषी करार, 3-3 साल की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद के थाना बबेरू के प्रभारी निरीक्षक टीकाराम वर्मा ने 28 सितंबर 2015 को तहरीर दी जिसमें अभियुक्त कपिल गुप्ता पुत्र हनुमान प्रसाद, पंकज पुत्र जवाहरलाल व आलोक उर्फ रामजी गुप्ता पुत्र गोपाल गुप्ता निवासीगण थाना कोतवाली नगर का एक संगठित गिरोह है। जिनके विरुद्ध थाना बबेरू में धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एडीजे गैंगस्टर एक्ट पाल सिंह द्वारा आरोपियों को 03 –03 वर्ष के कठोर कारावास एवं सभी को 5000–5000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। जुर्माना अदा न करने पर सभी को एक–एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। उक्त गैंगस्टर एक्ट की विवेचना निरीक्षक नंदलाल भारती द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर अभियोजन द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए पैरोकार चक्रधारी कोर्ट मोहर्रिर राकेश सिंह तोमर व विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद आरोपियों को सजा दिलायी गई। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका गैंग लीडर कपिल गुप्ता है तथा पंकज व आलोक उर्फ रामजी सक्रिय सदस्य हैं। यह सभी बहुत ही दुर्दांत और बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा एक जुट होकर जाली नोटों का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जाता था और भी अन्य कई तरह के अपराध करने के अपराधी हैं। सभी अभियुक्तों के उपर न्यायालय में अन्य भी गंभीर धाराओं में मुकदमे चल रहे हैं। गैंग लीडर कपिल गुप्ता के उपर और भी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे चल रहे है। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने यह बताया कि यह गैंग अवैध रूप से साजिश करके जाली नोटों की खरीद फरोख्त करना तथा उन्हें दुकानदारों को झांसा देकर देना जैसे अन्य अपराधों के आधार पर गैंगस्टर की कार्यवाही की गई। यह सभी अपराधी बहुत ही दबंग किस्म के हैं। सभी गैंग बनाकर अपराध करते हैं जिससे यह आर्थिक भौतिक लाभ प्राप्त कर धन अर्जित करने में अभ्यस्त अपराधी हैं। इनके आतंक से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैली हुई है जिसके




फलस्वरूप इस गैंग के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज कराने और गवाही देने का साहस नहीं कर पाता है। इन सभी अभियुक्तों का गैंग चार्ट बनाकर जिलाधिकारी से अनुमोदित कराकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की सुनवाई के दौरान 14 फरवरी 2020 को आरोप बनाया गया। अभियोजन द्वारा मुकदमे में कुल तीन गवाह पेश किए गए। अभियोजन की प्रभावी पैरवी द्वारा सभी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में सबूत पेश किए गए स पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य के अवलोकन के बाद अपर सत्र विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्रीश्री पाल सिंह ने अपने 20 पेज के आदेश में सभी अभियुक्तों कपिल गुप्ता, पंकज और आलोक उर्फ रामजी को दोषी पाते हुए 03–03 वर्ष के कठोर कारावास और सभी को 5000–5000 रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया।

# होटलों में चेकिंग के नाम पर दबाव बनाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। पिछले कई दिनों से होटलों पर कथित चेकिंग और छापेमारी की घटनाओं के बीच शुक्रवार को नजीबाबाद के राजन होटल में बड़ा घटनाक्रम सामने आया। यहां खुद को अधिकारी जैसा प्रस्तुत कर कार्रवाई कर रही एक टीम को पुलिस ने मौके से हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया।

बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए लोग राष्ट्रीय हिंदू एकता संघ भारत नामक संगठन से जुड़े पदाधिकारी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर कुछ लोग नजीबाबाद स्थित राजन होटल पहुंचे और वहां होटल कर्मचारियों से पूछताछ शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टीम के सदस्य होटल में चेकिंग और कार्रवाई जैसा माहौल बनाकर कर्मचारियों व ग्राहकों से सवाल–जवाब कर रहे थे। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर स्थानीय लोगों और होटल कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई कर रहे सभी लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। बताया जा रहा है कि संबंधित लोगों के पास किसी प्रकार का प्रशासनिक आदेश या अधि.त पुलिस बल मौजूद नहीं था। इसके बावजूद होटल में दबावपूर्ण माहौल बनाकर कार्रवाई की जा रही थी, जिससे वहां अफरा–तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद होटल कारोबारियों और व्यापार मंडल से जुड़े लोगों में नाराजगी देखने को मिली। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में इसी प्रकार होटल और गेस्ट हाउसों पर कथित चेकिंग के नाम पर दबाव बनाया जा रहा था। इससे कारोबारियों में भय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना अधिकार इस तरह की कार्रवाई करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में लेने का प्रयास न कर सके। घटना के बाद पूरे जिले में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि संबंधित लोग किस अधिकार से होटल पहुंचे थे तथा उनके पीछे का उद्देश्य क्या था। सूत्रों के अनुसार मामले में वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है और पुलिस कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर जांच कर रही है।

# 10 मुकदमों का हिस्ट्रीशीटर पप्पू पासी तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार

### – मर्डर, डकैती और गैंगेस्टर एक्ट का आरोपी पप्पू, खीरी पुलिस ने नहर पुल के पास से दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी। खीरी टाउन खीरी अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए क्षेत्र के शातिर और दुराचारी अपराधी पप्पू पासी को अवैध असलहे और जिंदा कारतूस के साथ गिरतार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, डकैती, गैंगेस्टर और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। नहर पुल के पास से हुई गिरतारी। जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर के निकट




पर्यवेक्षण में थाना खीरी पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में साडीनामा नहर पुल के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही बिना वक्त गंवाए उपनिरीक्षक डिम्पल कुमार, कांस्टेबल अजय पाण्डेय और कांस्टेबल दीपक कुमार की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर अभियुक्त ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। अवैध तमंचा और कारतूस बरामद जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के पास से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर और 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान पप्पू पासी उम्र 50 वर्ष पुत्र मोतीलाल पासी, निवासी मोहल्ला मुराउनटोला, थाना व जिला खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 0350/2026 के तहत आर्म्स एक्ट धारा 3/25 का नया मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। पप्पू पासी का खौफनाक आपराधिक इतिहास पुलिस के अनुसार पकड़ा गया अभियुक्त पप्पू पासी इलाके का शातिर अपराधी है, जो लंबे समय से जरायम की दुनिया में सक्रिय है। उसके खिलाफ दर्ज मुकदमों की फेहरिस्त इस प्रकार है। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पप्पू पासी जैसे शातिर अपराधियों की गिरतारी से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में बड़ी मदद मिलेगी।

# बिजली विभाग की एक और लापरवाही

### – सड़क को खोदना जरूरी तो उसकी मरम्मत भी तत्काल कराई जानी चाहिए

### – विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी

### – खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुराने इलाके सआदतगंज और नूरबाड़ी पावर हाउस से जुड़े क्षेत्रों में पिछले दिनों अंडरग्राउंड केबल में फॉल्ट आने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभागीय कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह फॉल्ट को ढूंढकर सप्लाई बहाल की, लेकिन अब बिजली विभाग की लापरवाही का दूसरा पहलू सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि अंडरग्राउंड केबल ठीक करने के लिए नूरबाड़ी इलाके में हाल ही में बनी सड़क को कई जगह से खोदना पड़ा। बिजली विभाग ने अपना तकनीकी कार्य पूरा कर बिजली आपूर्ति तो




दुरुस्त कर दी, लेकिन सड़क को दोबारा सही हालत में नहीं कराया गया। खोदी गई सड़क अब स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई मिट्टी की वजह से आए दिन हादसे की स्थिति बन रही है। कई ई–रिक्शा असंतुलित होकर पलटते–पलटते बचे, जबकि बाइक सवार गड्ढों में फंसकर गिरने से चोटिल भी हुए हैं। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है क्योंकि सड़क पर पर्याप्त संकेतक या बैरिकेडिंग तक नहीं लगाई गई है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि विभाग केवल अपना काम निकालने तक सीमित रहता है, लेकिन उसके बाद जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं की जाती। लोगों का कहना है कि यदि नई सड़क को खोदना जरूरी था तो उसकी मरम्मत भी तत्काल कराई जानी चाहिए थी। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस सड़क को दोबारा कौन बनवाएगा और कब तक स्थानीय लोग इस परेशानी को झेलते रहेंगे। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभागों और नगर निगम से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि किसी बड़े हादसे से पहले लोगों को राहत मिल सके। वहीं लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# अधिशासी अभियंता ने लस्सी पिलाकर खत्म कराया आमरण अनशन

### - नया बिजली कनेक्शन न मिलने से नाराज कांग्रेस प्रवक्ता भूख हड़ताल पर बैठे

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नया बिजली कनेक्शन न मिलने व बिजली विभाग के अधिकारियों की उपेक्षा से नाराज कांग्रेस प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। दिन भर चले भूख हड़ताल के बाद शाम को बिजली विभाग के अधिकारियों के आश्वासन पर उनका अनशन समाप्त हुआ। कार्यकारी अभियंता हनुमान मिश्रा ने लस्सी पिलाकर अनशन तुड़वाया। अनशन पर बैठे कांग्रेस प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भीषण गर्मी के बीच वह और उनका परिवार पिछले डेढ़ महीने से बिना बिजली के जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए वह लगातार बिजली विभाग के चक्कर काट रहे थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने बताया कि अपनी समस्या को उन्होंने अधीक्षण अभियंता राहुल देव, अधिशासी अभियंता हनुमान मिश्रा, एसडीओ व जूनियर इंजीनियर के समक्ष भी रखा, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। लगातार हो रही उपेक्षा और भीषण गर्मी से परेशान होकर उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ आमरण अनशन शुरू कर दिया। दिनभर भूख हड़ताल पर बैठे रहने के बाद शाम को अधीक्षण अभियंता राहुल देव एवं अधिशासी अभियंता हनुमान मिश्रा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने उनके पिता के पुराने बिजली कनेक्शन की बकाया धनराशि जमा होने के बाद नया कनेक्शन जारी करने पर सहमति जताई तथा शीघ्र कनेक्शन दिलाने का भरोसा दिया। इसके



बाद अधिशासी अभियंता हनुमान मिश्रा ने वाचस्पति द्विवेदी को लस्सी पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त कराया। अनशन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रशांत तिवारी, अरुण यादव, अम्बुज त्रिपाठी, अनूप परमार, सुमन लता उपाध्याय, अवनीश वर्मा, सरवर अली, आसिफ जादरान, अंसार अहमद, तेजस्व शुक्ला, हरी दिवाकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं अनंत अग्रवाल ने भी मौके पर पहुंचकर समर्थन दिया।

# शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सफल आयोजन पर विधायक चंद्रभानु पासवान ने जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

यूपी/अयोध्या मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान के निज



आवास ग्राम परसौली में नवनिर्मित श्री शिव मंदिर में आयोजित श्री शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र सहित दूर–दराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल हुए। पूरे विधि–विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद विधायक चंद्रभानु पासवान ने सभी आगंतुकों, श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इतनी भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने और आयोजन को सफल बनाने के लिए वह सभी क्षेत्रवासियों और प्रियजनों के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग, स्नेह और आशीर्वाद से ही यह धार्मिक आयोजन इतना भव्य, सफल और आनंदमय बन सका। कार्यक्रम में लोगों की श्रद्धा और उत्साह ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। विधायक ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं, समिति सदस्यों और स्थानीय लोगों के योगदान की सराहना करते हुए उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के दौरान भक्ति गीतों, पूजा–अर्चना और प्रसाद वितरण के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की विधायक अभय सिंह , विधायक अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक खब्बू तिवारी, पूर्व मंत्री विधायक सुरेश पासी, विधायक दिनेश रावत , पूर्व सांसद लल्लू सिंह , पूर्व सांसद विनय कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह , प्रतिनिधि रोहित सिंह, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव श्री चंपत राय जी,महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी,विधायक राम कृष्ण भार्गव, विधायक अमरेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# ग्राम पंचायतों की सोशल आडिट का रोस्टर निर्धारित

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि निदेशक, सोशल आडिट, उत्तर प्रदेश, सोशल आडिट निदेशालय, ग्राम्य विकास विभाग, उ.प्र. द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2025–26 में महात्मा गांधी नरेगा के अन्तर्गत कराये गये कार्यो का सोशल आडिट किये जाने हेतु सोशल आडिट कैलेण्डर निर्गत किया गया है। निदेशालय द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार विकास खण्ड हुजूरपुर की ग्राम पंचायत आदिलपुर, ऐलिहा, बड़ागांव, बैकुण्ठा, बरूही, विकास खण्ड जरवल की ग्राम पंचायत आदमपुर, अहाता, अलीनगर, अम्भापुर व अरईउमरी, विकास खण्ड मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत अड़गोड़वा, अड़गोड़वा (भाकू), अहलादगांव, आम्बा व अंटहवा में 26 से 29 मई 2026 तक सोशल आडिट होगा। ब्लाक हुजूरपुर की ग्राम पंचायत बसन्तपुर, बउवा, बेहड़ा, बघरिया व भैसहा, ब्लाक जरवल की ग्राम पंचायत अठैसा, अटवा, बढ़ौली, बहरामपुर व बम्भौरा, ब्लाक मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत अयोध्यागांव, बागीपुर बनकटी, भगवानपुर, बखारी व बर्दिया, ब्लाक नवाबगंज की ग्राम पंचायत बख्तावर, बनकाशी, बनकुरी व बरगधा चिलविला, ब्लाक फखरपुर की ग्राम पंचायत अचोलिया, अंगनापारा, अजीजपुर, अकबरपुर बुजुर्ग, अख्तियारपुर व अलीपुर दरौना में 30 मई से 02 जून तक सोशल आडिट होगा। इसी प्रकार ब्लाक हुजूरपुर की ग्राम पंचायत भम्भारपुर, भानपुर, भंगहा, भाटीकुडा व भिडयारी, ब्लाक जरवल की ग्राम पंचायत बसहिया जगत, बसहियापाते, बेलनापारा, भदूदी व भखौरामाफी, ब्लाक मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत बड़खड़िया, बसथनवा, बेझा, भगड़िया व बोझिया, ब्लाक नवाबगंज की ग्राम पंचायत बसन्तपुर कालिका, बसन्तपुर ऊदल, भगतपुर गुलरिहा व भगवानपुर करिंगा, ब्लाक फखरपुर की ग्राम पंचायत अमवा तेतारपुर, अरईकला, बाभनडीह, बडवोरा, बहलिया व बहुरवा में 03 से 05 जून तक सोशल आडिट होगा। ब्लाक हुजूरपुर की ग्राम पंचायत बुलहा, चाकूजोत, चिलहरिया, चिरैयाटांड व धानपारा, ब्लाक जरवल की ग्राम पंचायत भरथा शहबाजपुर, भौली, भोपतपुर, बीबीपुर व बिराहिमपुर बेलहौरा, मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत चौधरीगांव, चफरिया, चहलवा, चिकनिया व चोरवा, नवाबगंज की ग्राम पंचायत भवनियापुर टिकुरी, चर्दा, चनैनी व चौगोड़वा, फखरपुर की ग्राम पंचायत बमियारी, बसौना, बतौरा सारसत, बटुरहा, बेलहारी व बढवानी में 06 से 09 जून तक सोशल आडिट होगा। ब्लाक हुजूरपर की ग्राम पंचायत धरमपुर, दुर्गुपुर, गौडरिया, गौरिया व गाजीपुर, ब्लाक जरवल की ग्राम पंचायत चहलवार, चिलौली, देवीदासपुर, धनराजपुर व धनसुरी, मिहींपरुवा की ग्राम पंचायत धरमपुर, धर्मापुर, फकीरपुरी, गंगापुर व गौडहरिया, ब्लाक नवाबंज की ग्राम पंचायत चौगोई विलासपुर, दौलतपुर, देवरा व धरमनगर, फखरपुर की ग्राम पंचायत भौरी, भिलौरा बसन्ती, भिलौरा बासू, भिलौरा काजी, बिसवा व बौण्डी में 10 से 12 तक जून तक सोशल आडिट होगा।

# नाला सफाई व सिरसा नदी पुनरुद्धार कार्यों को लेकर प्रशासन सख्त

## – सिरसा नदी पुनरुद्धार को मिलेगी रतार, 53 किलोमीटर क्षेत्र में होगा कार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नालों की सफाई की कार्ययोजना एवं सिरसा नदी पुनरुद्धार कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के नालों की सफाई, वर्षा ऋतु से पूर्व तैयारियों तथा जल संरक्षण संबंधी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 143 नाले हैं, जिन्हें चार सिंचाई खंडों में विभाजित किया गया है। इनमें सर्वाधिक 81 नाले सिंचाई खंड क्षेत्र में स्थित हैं। वर्ष 2026 में प्रस्तावित कार्यों के अंतर्गत 77 नालों की




सफाई कराई जाएगी। इनमें निचली गंगा नहर खंड में 31, भोगनीपुर प्रखंड में 12, सिंचाई खंड इटावा में 33 तथा सिंचाई खंड औरैया में एक नाले की सफाई शामिल है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नाला सफाई कार्यों में जनप्रतिनिधियों एवं माननीयों के सुझावों को भी शामिल किया जाए। वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से बचा जा सके। बैठक में सिरसा नदी पुनरुद्धार कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि नदी पुनरुद्धार का कार्य एक जून से प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नक्शे में चिन्हित पूरे क्षेत्रफल की पूरी तरह सफाई कराई जाए तथा सिरसा नदी की चौड़ाई को व्यवस्थित रूप से बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि लगभग 53 किलोमीटर क्षेत्र में यह कार्य किया जाना है। जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने वैज्ञानिक पद्धति से सिरसा नदी पर चेकडैम निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूजल पर निर्भरता कम करने तथा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में जल संकट की स्थिति से बचा जा सके। बैठक में सिंचाई विभाग से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माइनर में मिला मजदूर का शव, परिवार में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो/रेहड़, बिजनौर। गांव त्रिलोकपुर में खेत पर पानी देने गए एक मजदूर युवक का शव माइनर में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी चंद्रपाल सिंह के अनुसार उसका छोटा भाई पप्पू (35) पुत्र उमराव सिंह बृहस्पतिवार शाम मजदूरी पर गांव त्रिलोकपुर माधोवाला मार्ग स्थित गोजरो वाले मंदिर के पास खेत में पानी देने गया था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। शुक्रवार सुबह उसकी तलाश शुरू की गई, जिसके बाद माइनर में पप्पू का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीओ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतक मेहनत–मजदूरी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। उसके तीन छोटे बच्चे हैं। युवक की मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया ळें पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं युवक की अचानक मौत से गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा में डीएम सख्त

## - रोजगार से जोड़ने पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कौशल विकास हेतु संचालित विभिन्न




प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसडीएफ, प्रवीण योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एसएसडीएफ योजना वर्ष 2025–26 के अंतर्गत निजी क्षेत्र की समीक्षा में बताया गया कि प्रशिक्षण का लक्ष्य 513 था जिसके सापेक्ष 496 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है, उन्हें शीघ्र रोजगार से जोड़ा जाए। प्रशिक्षण प्रदाताओं की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लाट श्री बालकराम संस्थान द्वारा 108 युवाओं को प्रशिक्षण देने के बावजूद किसी को रोजगार नहीं मिला, वहीं श्री दत्त सेवा संस्थान द्वारा 81 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया लेकिन रोजगार शून्य रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रशिक्षण, जिससे युवाओं को रोजगार न मिले, उसका कोई औचित्य नहीं है। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना होना चाहिए। एसएसडीएफ योजना वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक युवाओं को तकनीकी एवं व्यवहारिक कौशल से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक प्रशिक्षण का वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं से कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। राजकीय प्रशिक्षण संस्थानों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (जीआईटीआई) के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि बच्चों की आवश्यकता एवं रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि समय और परिस्थितियों के अनुसार पाठ्यक्रमों में आवश्यक बदलाव किए जाने चाहिए। सरकार युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, इसलिए संस्थानों को भी गंभीरता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हैं, इसलिए उनके मानसिक स्तर एवं रुचि का आकलन कर उपयोगी कौशल प्रदान किया जाए। कौशल प्रशिक्षण ऐसा हो जिससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़े और वे रोजगार के योग्य बन सकें। प्रवीण योजना वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जीजीआईसी एवं जीआईसी के प्रधानाचार्यों से कहा कि विद्यालय स्तर पर पढ़ाई के साथ–साथ स्किल आधारित प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि छात्र–छात्राओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि कई छात्र 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं, ऐसे में यदि उन्हें कौशल प्रशिक्षण मिल जाए तो उनके भविष्य के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डेटा एवं एक्सेल का विशेष महत्व है, इसलिए विद्यार्थियों को एक्सेल एवं डिजिटल स्किल का प्रशिक्षण अवश्य दिया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रशिक्षक गुणवत्तापूर्ण हों और छात्र वास्तव में कुछ सीख रहे हों। उन्होंने ऑनलाइन स्किल कोर्सेज को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए तथा कहा कि विद्यालयों एवं कॉलेजों में ऑनलाइन माध्यम से भी कौशल प्रशिक्षण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को कौशलयुक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। जब विद्यार्थी विद्यालय से बाहर निकलें तो वे स्किल्ड हों, न कि अनस्किल्ड। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं संस्थानों को कौशल विकास योजनाओं को गंभीरता एवं गुणवत्ता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा, जिला कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी, जीजीआईसी एवं जीआईसी के प्रधानाचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तर पर सम्मानित यह पल मेरे जीवन का अदभुत पल : नीलम

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। मिशन शिक्षण संवाद पढ़ाई से प्रतियोगिता द्वारा राज्य स्तरीय एक दिवसीय शिक्षक सम्मान एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन वाराणसी में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विशिष्ट अतिथि हेमंत राव मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक वाराणसी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उपस्थित होकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। जनपद की तीन शिक्षिकाओं को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। जिसमें विकास क्षेत्र एलिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमोरा की शिक्षिका अनुपमा सिंह को बच्चों के लिए तन मन धन से समर्पित एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन कराने हेतु अनमोल रत्न से सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बनिया मऊ की आदर्श शिक्षिका सुप्रिया को विद्यालय में उत्.ष्ट कार्य करने के लिए जबकि खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर की राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्.त एवं विद्यालय तथा बच्चों के लिए पूर्ण तया समर्पित शिक्षिका प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी को उनके उत्.ष्ट योगदान हेतु राज्य स्तरीय सम्मान हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने सभी शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अपना 100 प्रतिशत देने का आह्वान किया। इस पर इन सभी शिक्षिकाओं ने कहा कि मेरा सम्पूर्ण जीवन इन्हीं बच्चों के लिए बना है मैं सदैव इनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती रहूंगी नीलम कुमारी व अन्य को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जनपद के बेसिक शिक्षा के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी खैराबाद संतोष कुमार मिश्र, जिला अध्यक्ष प्राथमिक रवीन्द्र दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष






पवन कुमार सिंह, मंत्री अमित त्रिपाठी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित प्रवक्ता मनीष पांडेय जिलाध्यक्ष रामचंद्र मिश्र, महामंत्री रण विजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश मिश्रा, मंत्री जहीर आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन, योगेंद्र कुमार पाण्डेय, सौरभ जायसवाल, पंकज कुमार रावत, ऐलिया ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप बाजपेई आदि प्रमुख हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों के साथ की बैठक

## - 19 परीक्षा केंद्रों पर कुल 49536 अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे सम्मिलित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कल देर शाम कैंप कार्यालय सभागार में परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। यह परीक्षा आगामी 8, 9 एवं 10 जून को जनपद के कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें प्रत्येक पाली में कुल 8256 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा के एक दिन पूर्व समस्त व्यवस्थाओं का रिहर्सल कार्य कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की कमी शेष न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा अत्यंत संवेदनशील प्र.ति की परीक्षा है। सभी केंद्र व्यवस्थापक शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन कर लें। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी जनपद की छवि को प्रभावित कर सकती है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अत्यंत सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा कक्ष में पेन, प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड के अतिरिक्त कोई भी सामग्री मान्य नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों पर कार्यरत समस्त कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र (आई–कार्ड) अनिवार्य रूप से जारी किए जाएं। मोबाइल अथवा अन्य सामग्री जमा कराने वाले स्थानों पर पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा भगदड़ की स्थिति उत्पन्न न हो। गर्मी के .ष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त परीक्षा केंद्रों पर ठंडे पेयजल, छाया, फर्स्ट एड बॉक्स एवं प्राथमिक चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता पूर्व में जांच ली जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी उपकरण सुचारु रूप से कार्य कर रहे हों। उन्होंने परीक्षा संचालन संबंधी निर्धारित समय सीमा एवं बोर्ड द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि बाहरी जनपदों से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि प्रमुख स्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही परीक्षा के दिन यातायात व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार डीआईओएस, संबंधित अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्नी के लापता होने के बीच युवक का शव घर में मिलने से सनसनी

न्यूज वाणी ब्यूरो/स्योहारा, बिजनौर। गांव सत्तोनंगली बहादरपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब 30 वर्षीय गजराज पुत्र खुशीराम का शव उसके घर के अंदर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई और पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी पिछले पांच–छह दिनों से घर से लापता है। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। इसी बीच युवक का शव घर में मिलने से मामला और अधिक रहस्यमय बन गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

# 84 शिकायतों में से 37 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

## – थाना समाधान दिवस पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने सुनीं जनता की शिकायतें

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका




निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा थाना गिरवां में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों, समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 84 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 37 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है।

# बिजली कटौती को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही विद्युत कटौती एवं लो–वोल्टेज की समस्या को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लहरपुर इकाई ने शनिवार को विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू, कोषाध्यक्ष हरीश जायसवाल, नगर महामंत्री हरीश रस्तोगी (गोलू) एवं उप महामंत्री विशाल कपूर के नेतृत्व में दिए गए। ज्ञापन में



कहा गया कि वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार विद्युत कटौती और लो–वोल्टेज की समस्या से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बिजली बाधित रहने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, जबकि व्यापारियों का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति की स्थिति खराब होने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग से मांग की कि क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को तत्काल सुचारु किया जाए, बिना सूचना की जा रही कटौती पर रोक लगाई जाए तथा लो–वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। इसके साथ ही जर्जर तारों और उपकरणों की मरम्मत कर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी एवं आमजन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष हाशिम अंसारी, मो० जावेद अंसारी, मो० ताहिर अंसारी, मो० आसिफ अंसारी, मो० निहाल, रोहित रस्तोगी, फरीद, मुन्ना, सरोज जायसवाल सहित लोग मौजूद रहे।

# हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ने भीषण गर्मी में राहगीरों को पहुंचाई राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भीषण गर्मी को .ष्टिगत रखते हुए हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन की ओर से सट्टन चौराहे अलीगंज के पास शीतल पेयजल का प्याऊ लगाया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री जल योद्धा उमा शंकर पाण्डेय इस प्याऊ का शुभारंभ किया। श्री पांडे ने प्याऊ में उपस्थित रहकर अपने हाथों से लोगो को पानी पिलाया। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था द्वारा लगाए गए इस निःशुल्क प्याऊ राहगीरों और मुसाफिरो को भीषण




गर्मी में प्यास से राहत पहुंचाई। इस नेक कार्य के लिए जल योद्धा उमा शंकर पाण्डेय ने पूरी टीम की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान ने बताया कि जिलाधिकारी अमित असेरी के प्रेरणाश्रोत लगातार निःशुल्क पेयजल के कैंप लगाए जा रहे हैं। इस कड़ी में हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था की टीम ने भी अपना योगदान देकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। संस्था द्वारा आगे भी शहर के किसी अन्य स्थान पर निःशुल्क प्याऊ लगाने का प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी, अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान, वरिष्ठ सहयोगी सुनील सक्सेना, उपाध्यक्ष जावेद खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान, सलाहकार आरिफ खान, महामंत्री शहबाज खान हनी, शाखा प्रमुख खाईपार अली, शाखा प्रमुख सनी सिकंदर, शाखा प्रमुख हसीब, शाखा प्रमुख काशिफ खान, सचिव उमर अली, संगठन मंत्री शेख रिजवान, उपाध्यक्ष कलीम उल्ला, कोषाध्यक्ष अनस उल्लाह खान, शाखा प्रमुख मोहम्मद नफीस, शाखा प्रमुख भरत हार्डवेट, उपसचिव आसिफ मसूदी, उपसचिव गफार खान, सलाकार शिफात खान, साजिद अली, इरशाद हुसैन, इमरान, मोहम्मद अजहर, बृज बिहारी, कानूनी सलाहकार एड0 समीर उल हक, उरूज, मेराज उद्दीन सिद्दीकी, जलील आदि उपस्थित रहे।

# कैंप लगाकर श्रमिकों का कराया जाए पंजीकरण : डीएम

## - नवीनीकरण पर विशेष जोर देने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक कल देर शाम कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्राप्त 162 आवेदनों के सत्यापन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि 377 लाभार्थियों के आवेदन स्वी.त हैं, किंतु बजट प्राप्त न होने के कारण भुगतान लंबित है। उन्होंने बताया कि बजट प्राप्त होते ही धनराशि का वितरण कराया जाएगा। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान 87160 लाभार्थियों के सापेक्ष 37732 सत्यापन लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 10 जून तक समस्त सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार उत्पीड़न योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने पिछले



4–5 वर्षों के प्रकरणों की समीक्षा कर उनकी वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करने तथा मामलों की वास्तविक स्थिति का परीक्षण कराने के निर्देश दिए। शादी अनुदान योजना की समीक्षा के दौरान 37 आवेदन लंबित पाए जाने पर तत्काल सत्यापन एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छात्रवृत्ति योजना एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा के दौरान दिव्यांग शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में अब तक मात्र दो आवेदन प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजनाओं की भी समीक्षा की। दुकान निर्माण संचालन ऋण योजना की समीक्षा के दौरान लक्ष्य 14 के सापेक्ष केवल 4 लाभार्थियों के आवेदन अग्रसारित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। .त्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण तथा कॉक्लियर इंप्लांट योजना की भी समीक्षा करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना में प्राप्त 280 आवेदनों के सापेक्ष एसडीएम एवं बीडीओ स्तर पर मात्र 89 आवेदनों के सत्यापन की स्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन पूर्ण कराने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति योजना की भी समीक्षा की गई। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रवृत्ति योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान अभी तक मात्र 39 इकाइयों के पंजीकरण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक इकाइयों के पंजीकरण कराने को कहा। इसके अलावा कन्या विवाह सहायता योजना में भी अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। श्रमिकों के पंजीकरण एवं उनके नवीनीकरण हेतु भी ब्लॉक वार कैंप लगाकर कार्य करने के निर्देश उन्होंने दिए। जिलाधिकारी ने सर्राफा एसोसिएशन एवं व्यापार मंडल के साथ बैठक कर वहां पर कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण कराने तथा जिन भी योजनाओं हेतु पात्र हो उनका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़ी कार्यदाई संस्थाओं एवं ठेकेदारों से भी संपर्क कर श्रमिकों का पंजीकरण करने के निर्देश उन्होंने दिए, जिससे श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से अधिक से अधिक श्रमिकों लाभान्वित किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में इन विभागों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। आवश्यकतानुसार ब्लॉक स्तर पर रोस्टरवार शिविर आयोजित कर योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री विवेक श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण को लेकर एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम भगौतीपुर में सार्वजनिक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण किए जाने का मामला



सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को संबोधित प्रार्थना पत्र शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित थाना दिवस के मौके पर संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम भगौतीपुर स्थित गाटा संख्या 159 के सार्वजनिक मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से ईंट, बालू, भूसा एवं .षि उपकरण आदि रखकर रास्ता अवरुद्ध किया जा रहा है। आरोप है कि पूर्व में भी राजस्व विभाग, लेखपाल, कानूनगो और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में रास्ता खाली कराया गया था, इसके साथ ही आरोपी वीरू को 5 दिन का समय देते हुवे ईंटध्अवरोध हटाने के लिए कहा गया था, जिसका वीडियो भी मौजूद है, लेकिन कुछ दिनों बाद पुनः आरोपी द्वारा प्रशासनिक निर्देशों की अवलेहना करते हुए मार्ग पर गोबर खूंटा, थ्रेसर, सहित .षि उपकरण रखकर बाधित किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक मार्ग पर अवरोध के कारण लोगों को आने–जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही विरोध करने पर गाली–गलौज एवं विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है, जिससे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक मार्ग से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए, अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। शिकायत पत्र पर ग्रामवासियों के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। मामले को गंभीर बताते हुए ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान की मांग की है। प्रार्थना पत्र देने वालों में प्रमुख रूप से मोहनलाल, राकेश सिंह, मुकेश, सत्य प्रकाश सिंह, नागेश्वर, शिव शंकर सिंह, अवध बक्श सिंह, रामसनेही, इंदल, अभिषेक सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# आर्य ज्वैलर्स घास बाजार में हुई चोरी का खुलासा, अंतर्जनपदीय शातिर चोर दम्पति गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में विशेष टीमों का गठन कर लगातार सुरागरसी पतारसी, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा घास बाजार क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध महिला एवं पुरुष को पकड़ा गया। पूछताछ में पुरुष ने अपना नाम गुलाब कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 कैलाश तथा महिला ने अपना नाम निर्जला पत्नी गुलाब कुमार उर्फ गुड्डू निवासीगण ग्राम धमौली थाना देवरिया जनपद देवरिया बताया। मौके पर उपस्थित मुकदमा रमेश चन्द्र वर्मा द्वारा दोनों अभियुक्तों की पहचान करते हुए बताया गया कि 18 मई को उनकी दुकान आर्य ज्वैलर्स पर चोरी की घटना इन्हीं दोनों द्वारा कारित की गयी थी, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करायी गयी थी उक्त के संबंध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0स0 146/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजी.त किया गया था। अभियुक्तगण द्वारा भी स्वीकार किया गया कि 18 मई को आर्य ज्वैलर्स घास बाजार से 41 अदद सोने की कील इसी तरीके से चोरी की गयी थी। पूछताछ में महिला अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि चोरी की गयी शेष सोने की कील उसने अपने घर जनपद देवरिया में छिपाकर रखी है। अभियुक्ता की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा जनपद देवरिया पहुंचकर अभियुक्ता के घर से एक डिब्बे में रखी कुल 41 अदद पीली धातु की कील बरामद की गयी, जिसे वादी मुकदमा द्वारा अपना चोरी गया माल पहचान लिया गया। बरामद माल को विधिक कार्यवाही करते हुए कब्जा पुलिस में लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तगण गुलाब कुमार उर्फ गुड्डू एवं निर्जला द्वारा बताया गया कि वे दोनों पति–पत्नी मिलकर विभिन्न



जनपदों में ज्वैलर्स की दुकानों को निशाना बनाते हैं। अभियुक्त गुलाब कुमार उर्फ गुड्डू दुकानदार को बातचीत में उलझाकर गहने निकलवाता था, जबकि उसकी पत्नी निर्जला देखने के बहाने दुकानदार द्वारा ट्रे अथवा तस्तरी में रखे गये असली सोने के नथ/कील को चोरी से हटाकर उसी स्थान पर पहले से साथ लाये गये रोल्ड गोल्ड के नकली आभूषण रख देती थी। इसके बाद दोनों बाजार में अन्य कार्य होने का बहाना बनाकर दुकान से निकल जाते थे और पुनः वापस नहीं आते थे। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि 18 मई को घास बाजार स्थित आर्य ज्वैलर्स की दुकान पर भी उन्होंने इसी तरीके से सोने की कील चोरी की थी। महिला अभियुक्ता निर्मला उर्फ निर्जला द्वारा चोरी की गयी सोने की कीलों को अपने घर देवरिया में छिपाकर रखा गया था, जिसकी निशानदेही पर कुल 41 अदद पीली धातु की कील बरामद की गयी। अभियुक्तगण द्वारा यह भी बताया गया कि वे लोग पूर्व में जनपद बलिया एवं कस्बा सिकन्दरपुर क्षेत्र में भी इसी प्रकार की घटनाएं कर चुके हैं। अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि घरेलू खर्च एवं बच्चों की पढ़ाई–लिखाई के लिये वे लोग इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते थे तथा ज्वैलर्स की दुकानों पर ग्राहक बनकर सुनियोजित तरीके से असली आभूषण बदलकर चोरी करते थे। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 146/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में थाना कोतवाली नगर अभियोग पंजी.त किया गया है।

# पखनपुरा पोखरे में गिरी बस, ग्रामीण बने फरिश्ता, एक की मौत

## - लापता युवक की तलाश जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुहम्मदाबाद, भांवरकोल गाजीपुर। भांवरकोल थाना क्षेत्र के पखनपुरा ईदगाह एवं प्राथमिक विद्यालय के पास शुक्रवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गाजीपुर से भरौली जा रही यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे पानी भरे पोखरे में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई और पूरे इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस संख्या यूपी–61टी/3501 गाजीपुर–बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग–31 पर लगे भीषण जाम में फंसी हुई थी। जाम से निकलने के प्रयास में चालक बस को पोखरे के किनारे से बैक कर दूसरी दिशा में मोड़ रहा था। इसी दौरान चालक संतुलन खो बैठा और बस सीधे करीब 10 से 30 फीट गहरे पानी भरे पोखरे में पलट गई। बताया जा रहा है कि बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बिना अपनी जान की परवाह किए पोखरे में उतरकर यात्रियों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। कई लोगों को बस की खिड़कियों और टूटे शीशों के सहारे बाहर निकाला गया। ग्रामीणों की तत्परता और साहस से बड़ी संख्या में यात्रियों की जान बच गई। हादसे में करीब दो दर्जन यात्री घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें एम्बुलेंस और निजी वाहनों की मदद से अस्पताल भेजा गया। वहीं एक यात्री की मौत की पुष्टि हुई है। इसके अलावा एक अन्य युवक के पानी में डूबे होने की आशंका के चलते



प्रशासन द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही भांवरकोल थाना एवं मच्छटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और प्रशासन की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। देर रात तक बस को पोखरे से बाहर निकालने की कार्रवाई जारी रही। घटना की जानकारी मिलते ही गाजीपुर के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। शनिवार सुबह से ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से पूरे तालाब में गहन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी संतोष कुमार राय ने बताया कि तालाब के हर हिस्से की जांच की जा रही है, हालांकि अभी तक कोई शव या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ राहत एवं खोज अभियान में जुटा हुआ है।

# एनसीपी नेता की पहल : विधानसभा लहरपुर क्षेत्र में जनसंपर्क भी तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो/सीतापुर। लहरपुर विधानसभा क्षेत्र (148) में जनसंपर्क किया जनसंपर्क के दौरान विकास के क्षेत्र काफी पीछे है न यहां आने जाने के सम्पर्क मार्ग सही है न ही आने जाने के कोई संसाधन हैं। बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है और शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी पीछे है इस क्षेत्र में न कोई बालिकाओं के लिये इन्टर कालेज है न ही कोई सरकारी डिग्री कालेज है। जिससे शिक्षा में काफी पीछे है इस क्षेत्र में एक डिग्री कालेज और एक बालिका इण्टर कालेज की स्थापना



होनी चाहिये। तभी गांव का विकास हो पायेगा जबकि क्षेत्र की कंई ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क के दौरान जनता का काफी प्यार मिला और विधानसभा प्रभारी ने आशीर्वाद बुजुर्गों से लिया विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क किया गया। प्यारापुर हिलालपुर मिश्रापुर बरियारी रघुनाथपुर ईरापुर आदि ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क किया ग्रामीणों ने बताया चौंका पुल न होने के कारण बरसात के समय निकलना मुश्किल हो जाता है और चौंका पुल न होने से बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी दिक्कत होती है। अगर गांव में किसी की तबियत खराब हो जाये तो ऐम्बुलेंस गांव नहीं पहुंच सकती है। ऐसी स्थिति में विकास कार्य देखने लायक है जबकि सरकार दावां कर रही है कि गरीब किसान खुशहाल हैं जबकि इस क्षेत्र में विकास कोषों दूर है यहां के किसान केले की खेती करते है लेकिन यहां बाहर का व्यापारी पहुंच नहीं सकता जिस कारण पिछले साल केला खेतों में सडं गया था लेकिन किसान को मुआवजा तक नहीं दिया गया। यह का छात्र अगर पढ़ाई करना भी चाहें तो नहीं कर सकता है क्योंकि कालेज दूर क्षेत्र में है इसलिये सकरनं में एक डिग्री कालेज और एक बालिका इण्टर कालेज की स्थापना होनी चाहिये और लखनऊ सीतापुर आने जाने के लिये कम से कम चार रोडवेज बस चलाया जाये और सेमरावां और अदवारी के बीच में चौका पुल का निर्माण कराया जाये। जनसंपर्क के दौरान जिलाध्यक्ष ललित सिंह मनोज कुमार यादव प्रदीप यादव रामसागर यादव नत्थापुरवा रामपाल यादव नत्थापुरवा नसीम गाजी अनुज निषाद मोहारी नसीम अहमद अनकुलं राकेश यादव ने क्षेत्र वासियों जन सम्पर्क कर उनकी समस्या को लेकर मुद्दा उठाया।

# महिला हत्या व लूटकांड में दो दोषियों को उम्रकैद

## - पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने सुनाई सख्त सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान तथा अपराधियों को त्वरित सजा दिलाने के उद्देश्य से संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते महिला हत्या एवं लूटकांड के दो दोषियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों दोषियों पर 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस, पैरवी टीम और निगरानी प्रकोष्ठ की सशक्त पैरवी के चलते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–12/विशेष डकैती न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। मामले के अनुसार थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में अभियुक्तों द्वारा वादी की पत्नी की हत्या कर घर से सामान लूट लिया गया था। इस संबंध में वादी की तहरीर पर 14 जनवरी 2024 को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में मुकदमा संख्या 19/2024 पंजी.त किया गया था। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए विवेचना अधिकारियों सुधीर कुमार सिंह, दिवाकर प्रसाद सरोज एवं बलराम मिश्रा द्वारा साक्ष्यों का गहन संकलन किया गया। साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम, पैरवी कर रहे मुख्य आरक्षी अजीत प्रताप सिंह, निगरानी प्रकोष्ठ टीम तथा शासकीय अधिवक्ता गौरव दीक्षित द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गई। निर्धारित तिथियों पर साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए कठोर सजा सुनाई। सजायाता अपराधियों में आकाश यादव पुत्र भानूप्रताप यादव निवासी बीएसए मेवाती मोहल्ला थाना कोतवाली तथा साजिद खान




पुत्र शहवाज खान निवासी स्वरूप नगर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी शामिल हैं। पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है। महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# थाने में जनसुनवाई, थाना प्रभारी राकेश कुमार की कार्यशैली को सराहा



न्यूज वाणी ब्यूरो/मंडावली, बिजनौर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र से पहुंचे फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मामलों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं, फरियादियों की सुनवाई की प्रक्रिया एवं थाना प्रभारी की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समाधान कराना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे मंडावली पुलिस गंभीरता से निभा रही है। अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि अन्य शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान मौजूद लोगों ने भी पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया और अधिकारियों द्वारा की गई सुनवाई को सराहनीय बताया।

# एसपी ने थाना हरदी का किया निरीक्षण

## – थाना समाधान दिवस पर समस्याएं सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना हरदी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, आगन्तुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, हवालात, बैरक, थाना परिसर एवं अभिलेखों का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव, लंबित प्रार्थना पत्रों एवं विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा महिला संबंधी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित




करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना परिसर में साफ–सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता बनाए रखने हेतु निर्देश दिए गए। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के .ष्टिगत महोदय द्वारा थाना परिसर में स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों एवं फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात एसपी द्वारा थाना समाधान दिवस में उपस्थित होकर आगन्तुकों एवं फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। भूमि विवाद एवं अन्य प्रकरणों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करने पर बल दिया गया। एसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उसका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इसके अतिरिक्त एसपी द्वारा नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से औपचारिक वार्ता कर उनके प्रशिक्षण, रहने एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त हो रहे व्यावहारिक एवं अनुशासनात्मक अनुभवों के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, थानाध्यक्ष हरदी एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले दोषी को उम्रकैद की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध इटावा पुलिस ने एक गंभीर मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए मात्र साढ़े तीन माह में दोषी को आजीवन कारावास की सजा दिलाई है। बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज इस मामले में न्यायालय ने दोषी पर एक लाख रुपये का




अर्थदंड भी लगाया है। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं न्यायालय से सजा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बसरेहर पुलिस, पैरवी टीम एवं निगरानी प्रकोष्ठ की प्रभावी कार्रवाई के चलते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश (बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम) न्यायालय द्वारा अभियुक्त प्रशांत कुमार पुत्र रमेश चन्द्र उर्फ लल्ला निवासी किल्ली रोड अम्बेडकर पार्क के पास, बसरेहर थाना बसरेहर जनपद इटावा को आजीवन कारावास (शेष प्रा.तिक जीवनकाल) एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। मामले के अनुसार थाना बसरेहर क्षेत्र में अभियुक्त द्वारा वादी की सात वर्षीय पुत्री को खेलते समय बहला–फुसलाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर 10 जनवरी 2026 को थाना बसरेहर में मुकदमा संख्या 02/2026 पंजी.त किया गया था। प्रकरण की विवेचना थाना बसरेहर के तत्कालीन थानाध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा की गई। उन्होंने साक्ष्यों का गहन संकलन करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पीड़िता की समुचित काउंसलिंग भी कराई गई। मामले में थाना बसरेहर पुलिस टीम, पैरवी कर रहे आरक्षी संदीप सिंह, निगरानी प्रकोष्ठ टीम तथा शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए समय–समय पर साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इसी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने दोषी को कठोर सजा सुनाई। पुलिस ने कहा कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित जांच और कठोर सजा दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# जनप्रतिनिधियों की मासिक विचार विमर्श की तस्वीरें गोष्ठी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। कलेक्ट्रेट में आयोजित मासिक गोष्ठी में सांसद राजीव राय ने जल जीवन मिशन में अनियमितता और कानून–व्यवस्था पर प्रशासन को घेरा घोसी सांसद राजीव राय ने जल जीवन मिशन में हो रही धांधली और सड़कों की बदहाली का मुद्दा बेहद प्रमुखता से उठाया। दोहरीघाट फायरिंग मामले, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और बिजली संकट को लेकर भी अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश। उत्तर प्रदेश शासन के गृह (पुलिस) अनुभाग के निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों की मासिक विचार–विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में घोसी लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सांसद ने बैठक में जनहित, भ्रष्टाचार और कानून–व्यवस्था से जुड़े कई गंभीर मामलों को उठाते हुए अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल खड़े किए। जल जीवन मिशन में अनियमितता पर उठाए गंभीर सवाल बैठक में सांसद राजीव राय ने जल जीवन मिशन योजना



के तहत जनपद के भीतर बड़े पैमाने पर हो रही अनियमितताओं का मुद्दा बेहद पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कई जगहों पर पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे जनता परेशान है और पानी की आपूर्ति भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। उन्होंने इस पूरी योजना के कार्यों की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। सांसद द्वारा उठाए गए अन्य प्रमुख मुद्दे अपराध और अपराधियों पर लगामरू सांसद ने जनपद की कानून–व्‍यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने पुलिस को अपराधियों के खिलाफ बिना किसी दबाव के कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सुरक्षा के लिहाज से उन्होंने हाल ही में हुए दोहरीघाट फायरिंग मामले को अत्यंत गंभीरता से उठाया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इस कांड के सभी मुख्य आरोपियों को जल्द से जल्द गिरतार कर जेल भेजने को कहा ताकि जनता में सुरक्षा का संदेश जाए। बढ़ती मार्ग दुर्घटनाओं का निवारणरू जिले की सड़कों पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए सांसद ने यातायात प्रबंधन को सुधारने, स्पीड ब्रेकर व संकेतक लगाने और दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) को ठीक करने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की अघोषित कटौती और लो–वोल्टेज की समस्या से जूझ रही जनता का पक्ष रखते हुए उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की चेतावनी दी।

# बहुउद्देशीय पंचायत भवन का सदर विधायक ने किया शुभारंभ

## - डबल इंजन की सरकार में गांव का परिवेश बदला : सरिता भदौरिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। गांव क्षेत्र के विकास और सुशासन को सु.ढ़ करने के लिए ग्राम भटपुरा में नवनिर्मित बहुउद्देशीय पंचायत भवन का सदर



विधायक सरिता भदौरिया ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक भवन ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और जनसुविधाओं का लाभ एक ही छत के नीचे प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। डबल इंजन की सरकार ने अपने कार्यकाल में ग्रामीण परिवेश को बदल दिया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अजय गुप्ता व्यापार प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में युवाओं को मिलेगा

## - पांच लाख तक ऋण, 10 प्रतिशत सब्सिडी व प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत युवाओं को अपना उद्योग स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही 10 प्रतिशत तक अनुदान सब्सिडी तथा ब्याज संबंधी विशेष सुविधाएं भी दी जा रही हैं, जिससे युवा आसानी से अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा बताया गया कि योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत डिजिटल मार्केटिंग, आटा चक्की, सिलाई–कढ़ाई, डेयरी, मैकेनिक कार्य, कारपेंट्री, कोल्ड स्टोरेज सहित विभिन्न सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जनपद को प्रारंभ में 1700 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला था, जिसे बढ़ाकर 33 प्रतिशत तक किया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ मिल सके। योजना में हाल ही में कई महत्वपूर्ण बदलाव भी किए गए हैं। जिन लाभार्थियों का ऋण स्वी.त हो चुका है, उनके लिए पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। प्रतिदिन लगभग 6 घंटे के इस प्रशिक्षण में उद्यम से जुड़ी तकनीकी एवं व्यावसायिक जानकारी सरल हिंदी भाषा में दी जाएगी। प्रशिक्षण में मार्केटिंग, लागत प्रबंधन, लेखा प्रणाली, जीएसटी तथा आवश्यक पंजीकरण संबंधी जानकारी भी शामिल होगी। लाभार्थी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। वहीं जो लोग कार्यालय में उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेना चाहते हैं, उनके लिए बैठने एवं निःशुल्क वाई–फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ही ऋण वितरण एवं सब्सिडी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशिक्षण अधूरा छोड़ने पर लाभार्थियों को सब्सिडी संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 6 माह की मोरेटोरियम अवधि भी दी जा रही है। इस दौरान उद्यमी को ऋण की किस्त जमा नहीं करनी होगी और इस सुविधा पर कोई अतिरिक्त शुल्क या पेनल्टी नहीं लगेगी। इससे नए उद्योगों को बाजार में स्थापित होने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। विभाग द्वारा पूर्व में ऋण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों की इकाइयों का सत्यापन भी कराया जा रहा है। यदि कोई लाभार्थी योजना के उद्देश्य के विपरीत कार्य करता पाया गया या इकाई बंद मिली तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापित करने और जनपद की आर्थिक प्रगति में योगदान देने की अपील की है।

# लुकतरा गांव में गहराया पेयजल संकट, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले के लुकतरा गांव में पानी की किल्लत बढती जा रही है ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पानी की समस्या का समाधान कराने की मांग की। मामला जिलाधिकारी कार्यालय से सामने आया है। जहां पर शनिवार को ग्राम पंचायत लुकतरा गांव के ग्रामीण जिलाधिकारी



कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत पत्र दिया। बता दें कि तहसील के ग्राम लुकतरा में पेयजल की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। गांव के करीब आधा दर्जन घरों में अब तक पीने का पानी नल का कनेक्शन नहीं पहुंचा है। जिसमें तीन दिव्यांग लोग भी शामिल हैं जिन्हें दूर दराज से पानी ढोकर लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर पीने का पानी नल कनेक्शन कराये जाने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया कि गांव में पीने के पानी की अति गंभीर समस्या है। पानी का अन्य कोई साधन न होने से बहुत परेशानी होती है। गांव के तीन दिव्यांग लोगों को पानी दूर से लाना पड़ता है जिससे उन्हें भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस तरह की भीषण गर्मी के मौसम में हालात और खराब हो गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि उनकी परेशानी को देखते हुए अति शीघ्र पीने का पानी नल कनेक्शन करवाये। इस मौके पर शिवराम, झुर्री, रामपाल, सुरेका, रमेश, सिपाही लाल, रश्मी, गीता, अर्चना, शिवराम, रामपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

# बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

## – सैफई पुलिस ने चोरी की बाइक, पुर्जे और अवैध चाकू किए बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के तहत सैफई थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, मोटरसाइकिल के खुले




हुए पुर्जे, इंजन, अवैध चाकू तथा बाइक खोलने के उपकरण बरामद किए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना सैफई पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान थाना सैफई में पंजी.त मुकदमा संख्या 103/2026 से संबंधित दो अभियुक्तों को हैंवरा बाईपास से सैफई की ओर जाने वाले तिराहे से गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्तों में गौतम पुत्र सतेंद्र यादव निवासी कस्बा कुर्रा पौंदला थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी व चंदन पुत्र शिवराम निवासी नियामतपुर थाना सकरावा जनपद कन्नौज शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध चाकू, एक मोटरसाइकिल, एक अन्य मोटरसाइकिल के खुले हुए हिस्से एवं इंजन तथा मोटरसाइकिल खोलने के उपकरण बरामद किए। बरामद मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज कर दिया गया है। पुलिस द्वारा गिरतार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सैफई में पंजी.त मुकदमा संख्या 103/2026 में आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में वृद्धि की गई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी एवं थाना सैफई पुलिस टीम शामिल रही।

# वरिष्ठ के आवास पर गूंजा रामनाम, सुंदरकांड पाठ

## - विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

## - नेताओं, समाजसेवियों व पत्रकारों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर लिया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की धूम



लगातार देखने को मिल रही है। इसी क्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश तिवारी द्वारा शनिवार को अपने निजी आवास पर भव्य संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल विधि–विधान एवं पूजा–अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुंदरकांड पाठ में गायक टीम के प्रमुख सुबेदार मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, दिलीप बनर्जी, मनोज कुमार तथा ढोलक वादक विनोद शुक्ला ने अपनी मधुर प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों और चौपाइयों की गूंज से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर झूमते और जय श्रीराम के उद्घोष लगाते नजर आए। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और देर शाम तक लोग पहुंचकर धार्मिक आयोजन का आनंद लेते रहे। नेताओं, समाजसेवियों और पत्रकारों समेत हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद इस भव्य धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता, समाजसेवी, उद्योगपति एवं पत्रकार शामिल हुए। प्रमुख रूप से गिरीश चंद्र शुक्ला, पं. राम उजेरे शुक्ला, पं. अवधेश मिश्रा, कांग्रेस के पूर्व विधायक राधेश्याम कनौजिया, उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने पहुंचकर सुंदरकांड पाठ में सहभागिता की और आयोजक दिनेश तिवारी की सराहना की। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की व्यवस्थाएं बेहद सुव्यवस्थित रहीं और पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्रवासियों ने ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाला बताया। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश तिवारी ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का माध्यम हैं।

# चकबंदी विभाग पर गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने दी अनशन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जिले के थाना मटौंध अंतर्गत ग्राम लोहरा के निवासियों ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों पर भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने 25 मई तक सही पैमाइश न होने पर अशोक लाट चौराहा कचहरी पर परिवार सहित अनशन की चेतावनी दी है। ग्राम लोहरा निवासी रामहित पुत्र तुलसीदास और श्यामसुन्दर पुत्र गद्दू ने जिलाधिकारी बांदा को प्रार्थना पत्र सौंपा है। आरोप है कि चकबंदी विभाग के कानूनगो



हरिशंकर सोनी व नायब साहब ने भूमाफियाओं को अवैध गाटे व अधिक भूमि चकों में नाप कर दे दी है। प्रार्थीगणों का कहना है कि बंदोबस्त अधिकारी द्वारा प्रदत्त गाटों को हटाकर उन्हें बीहड़ भूमि में आधी नाप कर दी गई है। विरोध करने पर धमकाया जाता है कि ज्यादा कानून दिखाओगे तो पूरा जीवन कोर्ट के चक्कर लगाओगे। 17 मई को हुई पैमाइश, नहीं हुई सुनवाई 17 मई रविवार को पैमाइश की गई थी। 18 मई से जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर रजिस्टर्ड डाक से सूचनाएं भेजी हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बंदोबस्त अधिकारी ने सिर्फ दो–चार दिन में होगा का आश्वासन दिया है। फर्जी दौरा दिखाकर लौट जाते हैं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कर्मचारी मनमाने तरीके से दबंगों–भूमाफियाओं को लाभ पहुंचा रहे हैं। फर्जी दौरा दिखाकर गांव के बाहर से ही वीडियो बनाकर लौट जाते हैं। रामहित ने कहा कि यदि 25 मई सोमवार तक गाटों के चकों की वास्तविक पैमाइश नहीं कराई गई तो वे परिवार सहित अशोक लाट चौराहा कचहरी बांदा पर अनशन करने को विवश होंगे, जिसके जिम्मेदार शासन–प्रशासन होंगे।

# श्रीराम कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। बिलगांव गांव के प्रमुख स्थल श्री बड़ेदेव बाबा परिसर मे चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन पूर्णाहुति हवन पूजन भंडारा प्रसाद वितरण के साथ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित किया। शुक्रवार को गांव के प्रमुख स्थल श्री बड़ेदेव बाबा मे श्रीराम कथा पूर्णाहुति के बाद हवन पूजन कन्या भोज भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा व्यास पंडित देवेंद्र द्विवेदी ने सभी भक्तों को परमात्मा की भक्ति पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी निखिल शुक्ला, राकेश शर्मा, अरुण पांडेय, धीरज शर्मा, अतुल सिंह, फूल सिंह, डॉ राकेश कुशवाहा, गोलू सिंह, मास्टर सिंह, छोटू सिंह, संतू सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुभक्त शामिल रहे।

# पीजी कालेज गाजीपुर में डॉ. राकेश वर्मा की पुस्तक विमोचित

## - प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। पीजी कालेज गाजीपुर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राकेश वर्मा की नवीन पुस्तक का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन कालेज परिसर में किया गया, जिसमें शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं, गणमान्य नागरिक और बुद्धिजीवी वर्ग की अच्छी संख्या में उपस्थिति रही। विमोचन अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पुस्तक की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ. राकेश वर्मा की यह पुस्तक समाजशास्त्र की .ष्टि से बेहद प्रासंगिक और विचारोत्तेजक है। इसमें ग्रामीण संरचना, सामाजिक परिवर्तन और आधुनिक मूल्यों के बीच के द्वंद्व को बहुत ही गहराई से समझने का प्रयास किया गया है। ऐसे शोधपरक कार्य न केवल ज्ञानवर्धन करते हैं बल्कि छात्रों में सामाजिक जागरूकता भी पैदा करते हैं। डॉ. राकेश वर्मा ने प्राचार्य महोदय का हार्दिक आभार जताते हुए कहा कि पुस्तक में किए गए शोध में उनके मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में समसामयिक सामाजिक मुद्दों, ग्रामीण समाज की बदलती संरचना और मूल्यों के ह्रास–उत्थान पर आधारित विस्तृत अध्ययन शामिल है। इस अवसर पर प्राचार्य ने अन्य शिक्षकों से भी संवाद किया और महाविद्यालय में शोध कार्यों को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस प्रकाशन को स्थानीय शिक्षा जगत में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है, जो युवा पीढ़ी को समाज की जड़ों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

# निजी नर्सिंग होम में हादसा, मासूम की मौत पर हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। नगर के सराय चौकी क्षेत्र स्थित .ष्णा नर्सिंग होम में हुए दर्दनाक हादसे में मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी रोष फैल गया तथा अस्पताल परिसर के बाहर काफी देर तक हंगामे की स्थिति



बनी रही। बताया जा रहा है कि मोहल्ला पठानपुरा निवासी फैजान का पुत्र मोहम्मद अयान अस्पताल परिसर में खेल रहा था। इसी दौरान वहां रखा ऑक्सीजन सिलेंडर अचानक बच्चे के ऊपर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–फानन में उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि अस्पताल में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था और ऑक्सीजन सिलेंडरों को असुरक्षित तरीके से रखा गया था। साथ ही परिसर में खुले बिजली के तार और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर भी लोगों ने नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित पक्षों से जानकारी जुटाई जा रही है।

# थाने में गूंजी इंसाफ की हुंकार, डीएम-एसपी ने फरियादियों को दिलाया भरोसा

## - छह माह पुराने जमीन विवादों पर चला प्रशासन का एक्शन प्लान
## - राजस्व-पुलिस की संयुक्तटीम करेगी त्वरित निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून व्यवस्था और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को प्रशासनिक सख्ती का बड़ा संदेश देखने को मिला। माह के चतुर्थ शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक ने खागा कोतवाली पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कोतवाली परिसर में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता को न्याय दिलाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर भूमि विवादों का मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जमीनी वाद रजिस्टर, शस्त्र रजिस्टर, चरित्र सत्यापन रजिस्टर, पासपोर्ट रजिस्टर, चौकीदार रजिस्टर एवं संदर्भ रजिस्टर का गहन अवलोकन किया। जमीनी वाद रजिस्टर में छह माह से लंबित मामलों को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और उपजिलाधिकारी खागा डॉ. अभिनीत कुमार को निर्देशित किया कि नायब तहसीलदार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर सभी पुराने मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण



सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता को त्वरित न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखें तथा हर प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों ने अपने–अपने थानों में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण की कार्रवाई कराई। प्रशासन की इस सक्रियता से फरियादियों में भरोसा और संतोष का माहौल दिखाई दिया।

# नशीला पाउडर तस्कर को दस वर्ष की सजा

## – पुलिस की प्रभावी पैरवी से दोषी पर लगा एक लाख का जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते नशीला पदार्थ तस्करी के मामले में न्यायालय ने एक अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना इकदिल पुलिस, पैरवी टीम एवं निगरानी प्रकोष्ठ की सशक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–7/मादक पदार्थ न्यायालय ने अभियुक्त बोबी उर्फ सतेंद्र पुत्र राधा मोहन निवासी विकास कॉलोनी भाग–1 थाना इकदिल को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामले के अनुसार थाना इकदिल क्षेत्र में अभियुक्त के कब्जे से 110 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया गया था। इस संबंध में 22 मार्च 2021 को थाना इकदिल में मुकदमा संख्या 85/2021 पंजी.त किया गया था। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक नरेश सिंह द्वारा की गई। विवेचना के दौरान साक्ष्यों का संकलन कर अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान थाना इकदिल पुलिस टीम, पैरवी कर रहे मुख्य आरक्षी मुलायम सिंह, निगरानी प्रकोष्ठ टीम तथा शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिंह परिहार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इसी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए कठोर सजा सुनाई। पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है।

# भीषण गर्मी में जनगणना कार्य टालने की मांग

## - प्रोटॉन शिक्षक संघ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच चल रहे जनगणना कार्य की। प्रोटॉन शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव संदीप यादव ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से शुरू हो चुका है,



को लेकर प्रोटॉन शिक्षक संघ ने चिंता जताई है। संघ पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए जनगणना कार्य को एक माह के लिए स्थगित कर अनुकूल मौसम में कराए जाने की मांग जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के लाखों शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप जारी है तथा तापमान 48 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। मौसम विभाग और शासन द्वारा लगातार चेतावनी भी जारी की जा रही है। ऐसे हालात में जनगणना जैसा व्यापक फील्ड कार्य कराना शिक्षकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों और कर्मचारियों के बीमार होने एवं लू लगने की आशंका बनी हुई है, जिससे शिक्षकों में भय और निराशा का माहौल है। संघ पदाधिकारियों ने कोरोना काल के दौरान वर्ष 2021 के पंचायत चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि उस समय हजारों कर्मचारियों और शिक्षकों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। जिला महासचिव धर्मेंद्र शोले ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव भी जून की भीषण गर्मी में कराए गए थे, जिनमें चुनाव ड्यूटी के दौरान कई कर्मचारियों की मौत की खबरें सामने आई थीं। उन्होंने कहा कि शासन को जनहित और मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। संघ ने मांग की कि वर्तमान प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनगणना कार्य को एक माह बाद अनुकूल मौसम में कराया जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्यारेलाल पाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार पाल, मंडल प्रभारी बालेंद्र पटेल, सत्येंद्र सिंह, धर्मराज, स्वदेश प्रसाद, महेंद्र सिंह, ब्रजेश कुमार, राजकिशोर पाल, बलराम, दिनेश सैनी, देवेंद्र सिंह, रजनीश उत्तम, अवधेश यादव, जय नारायण प्रजापति, साकेत सेन सहित अन्य शिक्षक साथी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। माह के चतुर्थ शनिवार के अवसर पर थाना जसवंतनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान थाना दिवस में पहुंचे लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों की सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने व्यापार मंडल के जिला कार्यालय नुमाइश चौराहा पर जिले के प्रमुख व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान सहित सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष श्री कंछल का जोरदार स्वागत किया। श्री कंछल



ने कहा कि वर्तमान समय में देश का व्यापारी सबसे अधिक राजस्व देने के बाद भी सबसे ज्यादा उत्पीड़न का शिकार हो रहा है। व्यापारी सरकारी सुविधाओं से वंचित है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शरद बाजपेयी ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष शहर की समस्याओं को रखा। जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने इकदिल के व्यापारियों की समस्याओं को रखा और साप्ताहिक बंदी दिवस का पालन करवाये जाने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, जिला महामंत्री रमेश यादव, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया, शिवकुमार सिंह संजू चौहान, शरद बाजपेयी, डॉ. सुशील सम्राट, उमेश वर्मा, बीना चौहान, सुनीता कुशवाहा, बृजेश कुमार शर्मा, रमेश चन्द्र यादव, चन्द्र मोहन राजावत, हरेंद्र भदौरिया, शकील अहमद, अभिलाख सिंह गौर, ज्योति जौहरी, मालती दुबे, आरती वर्मा, अनुपम गौतम, सुनीता श्रीवास्तव, रामदत शर्मा, गगन पोरवाल, पुण्डरीक अग्निहोत्री आदि व्यापारी उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

No.:- EL-C-PRYJ-171-19-20/Public Notification Dated : 18.05.2026

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों, परिसरों और सभी समपार फाटकों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर मध्य रेलवे के निम्न लिखित खण्डों पर 25000 वोल्ट, 50 हटर्ज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तार को खंड में विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख और उस तारीख के बाद से शिरोपरि कर्षण लाइन को हर समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति शिरोपरि लाइन के सामीप्य में दाखिल नहीं होगा या काम नहीं करेगा।

**उर्जित करने की तारीख : 28.05.2026**

खंड : FCI साइडिंग चंदारी

किमी/चेनेज
से : Km/Chainage Km 1014/17TL CH-1014/415.90
तक : Km/Chainage Km 1015/FCI/2002 CH-1015/655.07

(KULDIP KUMAR)
Dy. Chief Electrical Engineer/C
N.C. Rly. Prayagraj

1163/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



# न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488


# मिशन 300 : डीएम ने फावड़ा चलाकर तालाब पुनर्जीवन अभियान किया शुरू

## - अतिक्रमण हटेगा, तालाब सजेंगे, जल संरक्षण के साथ गांवों में रोजगार की बहेगी धारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के सूखते जलस्रोतों को नई जिंदगी देने और गांवों की धड़कन माने जाने वाले तालाबों को उनके वास्तविक स्वरूप में लौटाने के लिए जिला प्रशासन ने मिशन 300 का शंखनाद कर दिया है। शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने तहसील खागा के विकास खंड ऐराया अंतर्गत ग्राम सभा सेमौरी पहुंचकर फावड़ा चलाते हुए तालाब पुनर्जीवन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि मिशन 300 केवल तालाबों की खुदाई का अभियान नहीं, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की व्यापक पहल है। पहले चरण में जनपद के प्रत्येक विकास खंड से 25–25 तालाब चिन्हित किए जाएंगे। जिन तालाबों पर अतिक्रमण है, उन्हें पहले कब्जामुक्त कराया जाएगा, तत्पश्चात विकसित भारत जी–रामजी योजना के अंतर्गत उनका पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बरसात आने से पहले सभी चिन्हित तालाबों को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर पुनर्जीवित किया जाए, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके और भूगर्भ जल स्तर में सुधार आए। डीएम ने यह भी कहा कि इस महत्वाकांक्षी अभियान से



ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे स्थानीय श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने भी प्रशासनिक टीम के साथ श्रमदान करते हुए जनसहभागिता का संदेश दिया और ग्रामीणों से अपील की कि वे तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खागा डॉ. अभिनीत कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं.CEN-2025-04 दिनांकः 20.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य (इंजी0)/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई-निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **17.06.2026** के समय **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है।

**कार्य का विवरणः** एरियल वीडियोग्राफी के साथ RIK&PPK सक्षम UAV /ड्रोन का उपयोग करके चल रहे प्रयागराज जंक्शन पं0दीन दयाल उपाध्याय उपाध्याय जंक्शन नई तीसरी लाइन परियोजना की परियोजना निगरानी।

| अनुमानित मूल्य (रु.): 8560800.00 | बोली प्रतिभूमि (रु.): 171200.00 |
|---|---|

**कार्य समापन की अवधिः** 15 माह, **निविदा बंद करने की तिथि और समयः 17.06.2026, 15:00 बजे, निविदा खुलने की तिथिः 17.06.2026, 15:30 बजे, निविदा का प्रकारः** ओपेन टेण्डर (एकल पैकेट प्रणाली)। **नोटः– 1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय **15:00 बजे** तक निविदा भरने की तिथि दिनांक **17.06.2026** तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई–बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको IT Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** बोली प्रतिभूमि या तो ई–भुगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज में दिये गये अनुलग्नक–वीआईए के अनुसार होगा और बोल वैधता अवधि से परे 90 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। **4.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **5.** निविदा की राशि 10 करोड़ से अधिक होने पर संयुक्त उद्यम (जे.वी)/Consortiums/MOUs पर विचार किया जायेगा। **6.** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **7.** सभी निविदाओं हेतु निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण–पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **8.** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित योग्यता/मानदण्डों को पूरा करने के दावे के समर्थन में अपलोड किये गये दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों की प्रतिलिपिकी पृष्ठ को टेण्डरर फर्म के निविदाकार या अधिकृति प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित/डिजिटल हस्ताक्षरित किया जायेगा। स्वयं प्रमाणन में हस्ताक्षर, मोहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) अंकित होनी चाहिए। केवल वे दस्तावेज जिन्हें निविदाकार द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि निर्धारित पात्रता मानदण्डों की अर्हता प्राप्त करने के दावे का समर्थन करने वाले दस्तावेज को ही उनकी निविदा का मूल्यांकन करने के लिए विचार किया जायेगा। निविदाकार द्वारा दी गयी किसी भी गलत जानकारी के मामले में अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा एवं बोली प्रतिभूमि, परफारमेंस गारण्टी और सिक्योरिटी डिपाजिट जब्त कर ली जायेगी और भारतीय रेलवे में एजेंसी पर 5 (पॉच) वर्ष तक कोई भी व्यवसाय करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जायेगा। **9.** सरकारी अधिकारियों द्वारा समय–समय पर जारी जी.एस.टी. अधिनियम और सरकार/सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी किये गए नियम लागू होंगे। **10.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **11.** निविदा आनलाइन दिनांक **17.06.2026** को समय **15:00 बजे** तक सबमिट किया जा सकता है तथा निविदा **15:30 बजे** दिनांक **17.06.2026** खोली जायेगी।

1156/26(D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


# बिजली कटौती से व्यापार प्रभावित, व्यापार मंडल ने उठाई आवाज

## - व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक नवीन कलेक्ट्रेट बहादुर, सीओ सिटी अभय नारायण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अखिल



सभागार में अपर जिलाधिकारी विपिन कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती और बार–बार शटडाउन के कारण व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे आम जनमानस के साथ–साथ व्यापारी वर्ग भी परेशान है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से बाजारों में कारोबार प्रभावित हो रहा है। जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने रोडवेज परिसर में बने पुलिस सहायता बूथ पर नियमित पुलिस ड्यूटी लगाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बूथ पर पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहते, जिससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है। युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा ने रामगंज चौराहे पर लंबे समय से टूटे पड़े बिजली के पोल को हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बैठक में महिला जिला महामंत्री वर्षा दुबे, जिला संरक्षक मीरा तिवारी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लल्लू वारसी, जिला मंत्री यामीन रिंकू चौधरी, गणेश प्रसाद अग्रवाल, जिला मंत्री प्रिंस राठौर, आकाश वर्मा, वविता कुशवाहा, अंजू यादव, सोनी यादव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।




# जमीनी विवाद में वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

## - मृतक की पुत्री ने पिता व पुत्रो के खिलाफ दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के नवाबगंज मजरे निजाम उद्दीनपुर में शनिवार की सुबह जमीन में कब्जा करने को लेकर परिवार के ही लगभग आधा दर्जन लोगों ने 65 वर्षीय वृद्ध को लात घूंसो से पीटकर मरणासन्न कर दिया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज मजरे निजामउद्दीनपुर निवासी स्व0 राजारती गुप्ता का पुत्र .ष्णकुमार उर्फ कल्लू गुप्ता की जमीन पर दबंग पडोसी जवाहर लाल गुप्ता पुत्र स्व रामआसरे जबरन कस्बा कर रहा था। सुबह लगभग आठ बजे .ष्ण कुमार ने इसका विरोध किया। जवाहर लाल ने अपने अन्य पुत्र संजय गुप्ता सुशील गुप्ता, श्रवण कुमार गुप्ता के मिल वृद्ध को लात घूसो से बुरी तरह पीटा। यही नहीं संजय ने वृद्ध के सीने में लात तार दिया। जिससे उसकी हालत बिगड गई। घटना को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गये। परिजन गंभीर अवस्था में वृद्ध को लेकर सदर अस्पताल आये। जहां इरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुये विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक की पुत्री प्राची गुप्ता ने जवाहर व उसके पुत्रो के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया की। आरोपियों को बक्सा नहीं जायेगा।

# युवा व्यापार मंडल का गठन, अरशद हाशमी बने युवा जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मण्डल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने संगठन का विस्तार करते हुए युवा व्यापार मण्डल का गठन किया। इस दौरान अरशद हाशमी को युवा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर पुष्पहार पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। युवा कार्यकारिणी में शरीफ अहमद, नफीस, जिया अख्तर,



निखिल कुमार, मो. अहमद, मो. वसीम, माजिद अहमद एवं तेजा को भी पुष्पहार पहनाकर मनोनयन पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों एवं युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रहित, समाजहित, जनहित एवं व्यापारहित है। इन उद्देश्यों को साकार करने के लिए युवा शक्ति को संगठित कर मजबूत एकता तैयार की जाएगी, जिससे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी संघर्ष किया जा सके। नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष अरशद हाशमी उर्फ मोनू ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि जल्द ही बड़ी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जनपद के अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर समाजहित और व्यापारहित में कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित युवा व्यापारियों ने एकमत होकर व्यापारियों की समस्याओं के निवारण हेतु संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# सड़क हादसो में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन घायल का शहर में ही निजी अस्पताल में इलाज कराने ले गये।

जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के सीतापुर गांव निवासी रघुवीर का 50 वर्षीय पुत्र सुरेश पैदल किसी काम से जा रहा था। जब वह कस्बा हाइवे में तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के बौण्डर गांव निवासी श्री.ष्ण का 55 वर्षीय पुत्र रामदास खरबूजे की ठेलिया लगाता है। शनिवार की शाम वह घर वापस लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने ठेलिया में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। जबकि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बडागांव निवासी अजय का 25 वर्षीय पुत्र रोहित बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था। तभी चंदीपुर भादर के पास अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने रोहित की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वहीं परिजन कानपुर न ले जाकर शहर के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बेलहापार के समीप नई रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बेलहापर गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक युवक की दर्दनाक हो गई है। घटना की सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

# बिजली चोरी पर फौजी संगठन करेगा मोहल्ले में निगरानी

## - पूर्व सैनिक संगठन व विद्युत विभाग की संयुक्त बैठक
## - अवैध एसी कनेक्शन व मीटर बाईपास पर सख्ती की तैयारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में लगातार बिगड़ रही विद्युत व्यवस्था और बढ़ती बिजली चोरी को लेकर शनिवार को पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता विद्युत अनिल कुमार वर्मा एवं अधिशासी अभियंता रत्नेश जायसवाल के साथ बैठक कर गहन विचार–विमर्श किया। बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुधारने तथा अवैध खपत पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में बिजली संकट का कारण केवल गर्मी या अधिक मांग नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई घरों में दो से पांच एयर कंडीशनर तक चल रहे हैं, जबकि कनेक्शन मात्र दो किलोवाट का है। कुछ मामलों में विद्युत कर्मचारियों की मिलीभगत से मीटर बाईपास कर मुत बिजली का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन घरों का बिल 12 से 15 हजार रुपये आना चाहिए, वहां केवल हजार–बारह सौ रुपये



का बिल बनता है और बाकी रकम अवैध रूप से वसूली जाती है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी के कारण ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं, पावर हाउस की मशीनें ट्रिप कर रही हैं और आम जनता को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सभी घरों के बिजली मीटर बाहर लगाए जाने की मांग की। साथ ही कहा कि पूर्व सैनिक संगठन प्रत्येक मोहल्ले में निगरानी करेगा और जिन घरों में मीटर बाहर नहीं लगाए जाएंगे, उनकी सूचना सीधे विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि जिन घरों में इनवर्टर लगे हैं वे किसी तरह काम चला लेते हैं, लेकिन गरीब परिवारों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि एक छोटे कमरे में रहने वाले परिवार बिजली कटौती से बेहद परेशान हैं और लगातार हो रही कटौती से बच्चों व बुजुर्गों का हाल बेहाल है। बैठक में अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में मीटरों की कमी है, लेकिन जैसे ही नए मीटर उपलब्ध होंगे, पूर्व सैनिक संगठन के सहयोग से युद्ध स्तर पर मीटर बाहर लगाने का अभियान चलाया जाएगा। वहीं अधिशासी अभियंता रत्नेश जायसवाल ने कहा कि संगठन के सहयोग से ऐसे घरों पर छापेमारी की जाएगी, जो कम क्षमता का कनेक्शन लेकर अधिक बिजली खपत कर रहे हैं। ट्रांसफार्मरों में तेल की कमी और बार–बार फुंकने की शिकायत पर अधिशासी अभियंता ने माना कि यह भी गंभीर समस्या है और जल्द ही ट्रांसफार्मरों में तेल का स्तर पूरा कराने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में संगठन के उपाध्यक्ष एसपी सिंह, महिला केंद्रीय उपाध्यक्ष साधना सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सिविल अधिवक्ता मंच ने सौंपा ज्ञापन

## - न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण समेत अधिवक्ताओं से जुड़ी उठाई मांगे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सिविल अधिवक्ता मंच के तत्वावधान में शनिवार को अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण सहित अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न मांगें उठाई गईं। सिविल अधिवक्ता मंच के प्रान्त संयोजक आरपी मौर्य एडवोकेट की अगुवई में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि न्यायालयों में वर्षों से लंबित मामलों के कारण आम जनता को न्याय मिलने में अत्यधिक देरी हो रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि राजस्व, दीवानी एवं फौजदारी समेत 10–10 एवं 20–20 वर्षों से लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष व्यवस्था की जाए तथा ऐसे मामलों का निर्णय एक वर्ष के भीतर सुनिश्चित कराया जाए। इसके अलावा तहसीलों से लेकर जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों तक फर्जी तारीखों पर रोक



लगाने और वादकारियों को किराया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। अधिवक्ताओं ने सुझाव दिया कि 30 वर्ष से अधिक अनुभव वाले वरिष्ठ प्रैक्टिसिंग अधिवक्ताओं को न्यायिक व्यवस्था में शामिल कर एक जिले से दूसरे जिले में तैनात किया जाए, जिससे मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जा सके। ज्ञापन में नए प्रैक्टिसिंग अधिवक्ताओं को पांच वर्षों तक 5000 प्रतिमाह अधिवक्ता निधि के रूप में दिए जाने की भी मांग उठाई गई। वहीं प्रदेश में मई एवं जून माह में सुबह 7 बजे से 12 बजे तक कचहरी संचालन की व्यवस्था का विरोध जताते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि इससे वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सिविल अधिवक्ता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान ओम प्रकाष पाल, अरूण कुमार रावत, अभिमन्यु सिंह, ललित कुमार निशाद, विषाल सिंह गौतम, श्रीकृश्ण गुप्ता, देवेन्द्र सिंह, अभिशेक सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संदीप मिश्रा, जीत कुमार मौर्य समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# फ्लैग- रेडक्रश्स चुनाव में घमासान

## दो गुटों ने ठोकी ताल, नामांकन के साथ सियासी सरगर्मी तेज
## - 26 मई को प्रेक्षागृह में बैलेट पेपर से होगा मतदान, सदस्यों की नजरें मुकाबले पर टिकीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला कार्यकारिणी के आगामी चुनाव को लेकर पूरी तरह चुनावी रंग में नजर आया।

डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के साथ उनकी पूरी टीम भी






शनिवार को राजनीतिक माहौल जैसा उत्साह देखने को मिला। दोपहर बारह बजे कार्यकारी चेयरमैन एवं कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक गुट ने चुनाव अधिकारी एवं अपर उपजिलाधिकारी दुर्गेश यादव के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान समर्थकों और सदस्यों की मौजूदगी से माहौल नामांकन प्रक्रिया में शामिल रही। इस दौरान स्मिता सिंह, मोहन ज्योति, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, अजीत सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र अग्निहोत्री, प्रवीण अवस्थी एवं चैतन्य कुमार ने भी अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन के समय सभी प्रत्याशियों के प्रस्तावक एवं अनुमोदक भी मौजूद रहे और अपने उम्मीदवारों के समर्थन में उत्साह दिखाई दिया। वहीं दूसरी ओर दूसरे गुट के प्रत्याशियों ने भी निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया। इस गुट में गुरमीत सिंह, शगुता वसीम, मिसबाहुल हक, हिमांशु श्रीवास्तव, प्रेम शंकर मिश्रा, प्रभात सिंह, बुध प्रकाश मौर्य, केशव अग्निहोत्री, अजय कुमार साहू एवं सुयश शामिल रहे। दोनों गुटों के मैदान में उतरने से चुनाव को लेकर सदस्यों के बीच उत्सुकता और चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का मतदान आगामी 26 मई को प्रेक्षागृह में कराया जाएगा। चुनाव में सभी सदस्य बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करेंगे। चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी के इस चुनाव को लेकर जिले के सामाजिक एवं प्रशासनिक हलकों में काफी दिलचस्पी देखी जा रही है। अब सभी की निगाहें 26 मई को होने वाले मतदान और उसके परिणामों पर टिकी हैं।

# सीवर लाइन परियोजना से बदलेगी शहर की तस्वीर : विक्रम

## – पूर्व विधायक ने आबूनगर नई बस्ती रेड़इया वार्ड में किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर में चल रही बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन परियोजना के तहत शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने आबूनगर नई बस्ती रेड़इया वार्ड में सीवर लाइन निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र में उत्साह का



माहौल रहा। शुभारंभ के उपरांत पूर्व विधायक ने वार्डवासियों को मिष्ठान वितरित कर निर्माण कार्य में सहयोग देने की अपील भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि शहर में सीवर लाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजना लाने के लिए भाजपा जनप्रतिनिधियों ने लगातार प्रयास किए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन परियोजना पूर्ण होने के बाद शहरवासियों को जलभराव, गंदगी और जल निकासी जैसी समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। साथ ही शहर की स्वच्छता व्यवस्था भी पहले से अधिक बेहतर होगी। यह योजना षहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। पूर्व विधायक ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान सभी लोग सहयोग करें ताकि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके और आमजन को जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर वार्ड सभासद नफीस अहमद उर्फ मुन्नीलाला, सभासद संजय लाला, बच्चा तिवारी, नफीस उर्फ पप्पू व्यापी, महताब आलम, एहसान उल्ला खान भी मौजूद रहे।

# छत से गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरनवा में देर रात छत से गिरकर 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हरनवा निवासी अमरपाल का पुत्र रिंकू सिंह देररात सोते समय अचानक गिरकर घायल हो गया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुयी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# भाकियू की बैठक में पंचायतों की बनाई रणनीति

## - किसानों की समस्याओं पर की चर्चा, निस्तारण की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में पुलिस उत्पीड़न समेत अन्य विकास समस्याओं को लेकर पंचायतें आयोजित करने की जहां रणनीति बनाई गई वहीं किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए निस्तारण की मांग की गई। नहर कालोनी प्रांगण में जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय



संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह ने शिरकत की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तीन जून को बहुआ ब्लाक परिसर में पुलिस उत्पीड़न व ब्लाक की विकास समस्याओं को लेकर महापंचायत होगी। इसी तरह आठ जून को असोथर ब्लाक परिसर में पंचायत का आयोजन किया जाएगा। किसानों ने बिजली की अघोषित विद्युत कटौती पर भारी रोष है। धान की बेढ़ बोने हेतु किसानों को अविलंब खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। नहरों में पानी पूरी क्षमता से चलाया जाए। सौ कुन्तल गेहूं बेंचने वाले किसानों का सत्यापन समय से कराया जाए। जनपद में ओवर लोड वाहनों पर रोक लगाई जाए। अवैध बालू खनन व मौरंग खनन पर रोक लगाई जाए। वन विभाग द्वारा फर्जी पौधरोपण पर रोक लगाई जाए। अंधूरी पड़ी पानी की टंकी को पूर्ण कराते हुए पानी की आपूर्ति कराई जाए। थरियांव पावर हाउस की 33 हजार लाइन मलवां से जोड़ी जाए। एक जून को गांधी चौराहा बिन्दकी में अवैध वाहनों के संचालन के विरोध में पंचायत होगी। अल्लीपुर आदमपुर मार्ग का निर्माण पूर्ण कराया जाए। पांच जून को अल्लीपुर में पंचायत होगी। इस मौके पर मुन्ना शेख, देवनरायन पटेल, नागेन्द्र यादव, एखलाक अहमद, जितेन्द्र पटेल, बच्चीलाल फौजी, दिनेश शुक्ला, विवेक यादव, भानु पटेल, चन्द्रपाल लोधी, छोटेलाल सोनकर, कप्तान सिंह यादव, गंगा प्रसाद, सुनील पासवान, राजा यादव, अनूप सैनी, श्याम किशोर भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )